


● नई दिल्ली। रविवार 20 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 298 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# एआई की मदद से मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति की क्षमता : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति लाने की क्षमता है।

एआई पहले से अनुमान लगाकर विश्लेषण कर सकता है। उसके पास स्वतंत्र डिसीजन मेकिंग सिस्टम भी है। राजनाथ सिंह ने ये बता शनिवार को दिल्ली में आयोजित 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम दीक्षांत समारोह में कही।

**'एआई पहले से अनुमान लगाकर विश्लेषण कर सकता है। उसके पास स्वतंत्र डिसीजन मेकिंग सिस्टम भी है।'**



उन्होंने कहा- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में आप (जनता) लीडर होंगे, जिन्हें ये तय करना होगा कि इस तकनीक का फायदा कहां और कैसे उठाया जाए। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में मिलिट्री लीडर्स को जियो-पॉलिटिक्स, इंटरनेशनल रिलेशन और ग्लोबल सिक्योरिटी अलायंस की परेशानियों की मजबूत समझ होना बहुत जरूरी है।

सिंह ने कहा कि मिलिट्री लीडर्स के लिए गए फैसलों के दूरगामी रिजल्ट हो सकते हैं, जो युद्ध के मैदान से आगे बढ़कर डिप्लोमेसी, इकोनॉमिक्स, इंटरनेशनल लॉ के दायरे में भी फैल सकते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में पॉलिटिकल सीख बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये सोचना कि हमारे विरोधी इन क्षमताओं का फायदा उठा सकते हैं, इस बात की याद दिलाता है कि हमें ऐसी किसी भी संभावित संभावना के लिए कितनी तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।

भारत के पास पाकिस्तान से तीन गुना ज्यादा सैनिक पाकिस्तान से तुलना की जाए तो भारत के पास उनसे तीन गुना ज्यादा सैनिक हैं। भारत के पास पैरा मिलिट्री फोर्स भी पाकिस्तान से ज्यादा है। भारत की पैरामिलिट्री फोर्स में 25 लाख 27 हजार सैनिक हैं।

पाकिस्तान में इनकी संख्या सिर्फ पांच लाख है। भारत के पास 4,641 टैंक और 606 लड़ाकू विमान हैं। जबकि पाकिस्तान के पास 3,742 टैंक और 387 लड़ाकू विमान हैं। नेवी की क्षमता के मामले में भी पाकिस्तान हमसे काफी पीछे है। हालांकि, पाकिस्तान के पास 57 अटैक हेलिकॉप्टर्स हैं, जबकि भारत के पास इनकी संख्या सिर्फ 40 है। ग्लोबल फायर पावर ने देशों की पावर इंडेक्स के हिसाब से यह रैंकिंग तय की है। किसी देश की कुल मारक क्षमता को पावर इंडेक्स कहा जाता है। जिस देश का पावर इंडेक्स जितना कम होता, उसकी सेना उतनी ही ज्यादा शक्तिशाली होगी। भूटान सबसे कम सैन्य क्षमता वाला देश इसमें अमेरिका का पावर इंडेक्स 0.0699 है। वहीं भारत का पावर इंडेक्स 0.1023 है। डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान का पावर इंडेक्स 0.1711 है। ग्लोबल फायर पावर के मुताबिक, भूटान की सेना दुनिया की सबसे कमजोर सेना है। भूटान का पावर इंडेक्स 6.3704 है।

इसके बाद मोल्दोवा 144वें, सूरीनाम 143वें, सोमालिया 142वें और बेनिन 141वें स्थान पर है।

**बैठक**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारी कर ली है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने एक बैठक ली। इस बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी अपने विचार रखे। इस बैठक में सभी विधान सभाओं के प्रभारी, सह प्रभारी भी मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रमुख सचिव निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार ने की बैठक

## उद्यमी समस्या के साथ समाधान भी बताएं, विचार-विमर्श कर किया जायेगा शीघ्र निस्तारण : आलोक कुमार

### उद्यमियों के कार्यों में यदि नियम बांधा हैं और नियम अव्यावहारिक हैं तो नियमों में संशोधन किया जा सकता है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में प्रमुख सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एवं प्रमुख सचिव निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार की अध्यक्षता एवं गरिमा सिंह, अतिरिक्त आयुक्त उद्योग प्रोत्साहन- मेरठ मंडल, इन्द्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी गाजियाबाद, विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त गाजियाबाद, राजेश सिंह सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सहित अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित में उद्यमियों की समस्याएं सुनीं गयी।

**उद्यमियों की प्रमुख समस्याएं :** उ0प्र0 उद्यमी विकास संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल द्वारा रूग्ण इकाईयों के पुनर्वासन के सम्बंध में अनुरोध करते हुए अवगत कराया गया कि यदि कोई औद्योगिक इकाई विलम्ब से भुगतान, अत्यधिक कर अथवा किसी आकस्मिक दुर्घटना में हुए जानमाल एवं भवन तथा निर्मित उत्पाद के छय होने पर रूग्ण हो जाती है तो ऐसी औद्योगिक इकाईयों को बैंक अथवा सरकार द्वारा पुनर्वासन के लिए कोई नीति निर्गत नही है, नीति बनाने हेतु अनुरोध किया गया। उ0प्र0 उद्यमी विकास संघ के प्रतिनिधि संजीव सचदेवा द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक इकाईयों को स्थापित / संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों से अनापत्ति / मानचित्र स्वीकृति प्राप्त करनी होती है, जिन्हें प्राप्त करने के लिए सभी विभागों के नियमानुसार पृथक-पृथक रूप में मानचित्र की डिमांड की जाती है, जिससे उद्यमियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अनुरोध किया कि उक्त समस्या के निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार अनेकों का विवरण दिया गया।



### प्रमुख सचिव को गॉड ऑफ ऑनर देकर किया सम्मानित

**करंट क्राइम।** प्रमुख सचिव आलोक कुमार के कलेक्ट्रेट परिसर में आगमन पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरान्त प्रमुख सचिव को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया।

### प्रमुख सचिव ने ध्यान से सुनी उद्यमियों की समस्यायें



**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान आलोक कुमार आईएएस द्वारा क्रमवार सभी औद्योगिक संगठनों की समस्याएं ध्यान से सुना गया। लिखित प्रतिवेदन भी स्वीकार किए गए। उन्होने अधिकारियों को उचित निर्देश जारी किए और उद्यमियों को शासन स्तर से उनकी समस्याओं के शीघ्र निदान का आश्वासन दिया।

### बैठक में उपस्थिति

बैठक में उपेंद्र गोयल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ, संजीव सचदेव, मंजीत सिंह, मनोज शर्मा, विश्वेंद्र गोयल, बृजेश अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अमरीश गोयल, आईएएमए के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, अमृत स्टील कंपाउंड के सत्यभूषण अग्रवाल, आईआईए के राकेश अनेजा, मनोज अग्रवाल, लोहा विक्रेता मंडल के अतुल जैन, हर्षा कंपाउंड के अजीत सिंह नंदा, आनंद इंडस्ट्रियल एस्टेट के किरण पांचाल, कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया के अरुण शर्मा, साहिबाबाद इण्ड.एसो. साईड-4 के मुकेश गुप्ता, साहिबाबाद ट्रांस हिण्डन एसो0 के अशोक चौधरी, इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई के अरुण गुप्ता, मैसर्स चित्रा रियलकॉन प्रा0लि0 के संजय त्यागी एवं अनेक अन्य उद्यमी भी उपस्थित थे।

# इसलिए हो रही है गाजियाबाद वाली चुनाव घोषणा में देर

## टिकट में आ गया 21 और 22 वाला फेर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को भाजपा की सूची जारी हुई। केरल विधानसभाओं के उम्मीदवार घोषित हो गये। कर्नाटक के उम्मीदवार घोषित हो गये। यूपी से लगे मध्य प्रदेश और राजस्थान का भी नंबर आ गया।

पश्चिम बंगाल की भी लिस्ट जारी हो गई। मगर उत्तर प्रदेश वाली सूची नहीं आई। देर तक इंतजार होता रहा। मगर सूची जारी नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में भी गाजियाबाद वाले टिकट की घोषणा में देर होनी है। क्योंकि टिकट में 21 और 22 फेर आ गया है। यही देर का कारण है। सूत्र बता रहे हैं कि टिकट दिल्ली वाले गलियारों से आयेगा। इसकी वजह बतायी जा रही है कि 21 अक्टूबर को दिल्ली में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होनी है।

इस बैठक में भाजपा के देश भर से संगठन मंत्री रहेंगे। बताते हैं कि शाम के समय उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के उपचुनाव पर चर्चा कर नंबर आयेगा और उसी के बाद ये तय होगा कि कौन सी सीट पर भाजपा कौन से चेहरे को लड़ाने जा रही है। सूत्रों की मानें तो 21 अक्टूबर की शाम को चर्चा होनी है और 22 अक्टूबर को ये तय हो जायेगा कि विधानसभा उपचुनाव में शहर सीट से कौन भाजपाई चुनाव वाला पर्चा भरेगा।

# विकास वाला महकमा जूझ रहा है इन दिनों शिकायती लैटर और अफसरों की कमी से

## कर्मचारी जुटे रहते हैं आईजीआरएस और आरटीआई में, अफसर बिजी हैं शिकायत निस्तारण में

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विकास का सबसे बड़ा महकमा यानी जीडीए इन दिनों विकास से ज्यादा शिकायतों के निकास में व्यस्त है। बड़ी बात ये है कि ये सबसे बड़ा महकमा इस समय कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी से जूझ रहा है। सूत्र बताते हैं कि इन दिनों जहां शासन से शिकायतों के निस्तारण का दबाव है वहीं विकास प्राधिकरण में अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का अभाव है। सबसे ज्यादा शिकायतों के मामले इसी विभाग में आ रहे हैं।

शिकायतों का निस्तारण समय पर होना है। इसलिए अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों के काम के घंटे इसी में बीत रहे हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें यहां आती हैं और इन शिकायतों में आरटीआई भी शामिल है और आईजीआरएस भी शामिल है। कर्मचारी अपने अधिकारियों के निर्देश पर आईजीआरएस का जवाब बनाने में समस्या का निस्तारण में कराने में लगे रहते हैं। समय से निस्तारण होने का दबाव उन्हें दूसरे कामों में रूचि लेने का समय ही नहीं दे रहा है। वहीं शिकायतों के साथ साथ शासन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी समय लग रहा है।




### पांच अधिकारियों ने संभाल रखी है सबसे बड़े विभाग में काम की कमान

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि विकास के सबसे बड़े महकमें में इस समय सबसे बड़ी जिम्मेदारी विभाग के पांच अधिकारी संभाल रहे हैं। इन अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए, जनसुनवाई के लिए, तहसील दिवस से लेकर शासन की बैठकों में जाना पड़ता है। इसके अलावा कई मामलों में उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। पांच अधिकारियों की बात करें तो जीडीए वीसी अतुल वत्स, जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, ओएसडी गुंजा सिंह, ओएसडी कनिका कौशिक शामिल हैं। पांच अधिकारी जनसुनवाई से लेकर कोर्ट की कार्यवाही तक जीडीए की फाईलें लेकर कमान संभाल रहे हैं।

### इस साल रिटायर हो गये कई बाबू और अभियन्ता

करंट क्राइम। जीडीए सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2024 में जीडीए से रिटायर होने वाले कर्मचारी और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या काफी है। इस वर्ष कई बाबू, सुपरवाईजर, वर्कमेटर, अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता सेवानिवृत हो रहे हैं। इनके अनुपात में नई नियुक्ति तो हुई हैं लेकिन वह उतनी संख्या में नहीं हैं जितनी संख्या में चाहिए। तीन अधिशासी अभियन्ता गाजियाबाद के 8 जोन संभाल रहे हैं। लगभग 25 से 30 अवर अभियन्ता हैं और उनके कंधों पर खोड़ा से लेकर मोदीनगर और मुरादनगर से लेकर लोनी तक का बोझ है।




# आदिवासी महिला ने पीएम मोदी को भेजे 100 रुपये

## प्रधानमंत्री बोले- यह मुझे काम करने के लिए प्रेरित करता



**नई दिल्ली।** ओडिशा की एक आदिवासी महिला की ओर से सम्मान स्वरूप भेजे गए 100 रुपये की भेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभिभूत कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति का यही आशीर्वाद मुझे विकसित भारत के लिए अधिक से अधिक काम करने की प्रेरणा देता है। दरअसल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांड्या ने एक्स पर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा कि जब वह भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक आदिवासी महिला से मिले तो उस महिला ने उनको 100 रुपये दिए। आदिवासी महिला ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद स्वरूप 100 रुपये भेंट करने के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से कहा। जब राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मना किया तो महिला ने उनकी सारी बातों को नकार दिया और धन्यवाद ज्ञापित करने पर अड़ी रही। इस पोस्ट के साथ बैजयंत पांड्या ने लिखा कि यह उस परिवर्तन का एक प्रतिफल है जो भारत और ओडिशा अनुभव कर रहा है। एक्स पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की पोस्ट को साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि मैं इस स्नेह से बेहद प्रभावित हुआ। मैं हमेशा मुझे आशीर्वाद देने के लिए नारी शक्ति को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मुझे विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित करता है।

# लोगों की अदालत की भूमिका को बचाकर रखे सुप्रीम कोर्ट, लेकिन विपक्ष का काम न करे'





**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लोगों की अदालत की अपनी भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखना चाहिए, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि इसे संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन परिणामों के नजरिए से इसकी भूमिका या इसके काम को नहीं देखा जाना चाहिए।

### 'जनता की अदालत की भूमिका को भविष्य के लिए बचाने की जरूरत'

दक्षिण गोवा में पहले सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये बात कही। उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के न्याय तक पहुंच पिछले 75 वर्षों में काफी विकसित हुई है और ये कुछ ऐसा है जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि जब समाज समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा होती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा न्यायालय जनता का न्यायालय है और मुझे लगता है कि जनता के न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### 'सुप्रीम कोर्ट को नतीजों के आधार पर परखना गलत'

सीजेआई ने कहा कि 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, हर किसी के बीच यह बड़ा विभाजन है, जिसमें परिणामों के आधार पर आपको परखा जाता है, जब आप लोगों के पक्ष में निर्णय लेते हैं तो सर्वोच्च न्यायालय को अद्भुत संस्था बताया जाता है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय लेते हैं तो संस्था को अपमानित किया जाता है।' सीजेआई के अनुसार, 'मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक बात है। न्यायाधीशों को मामलों के आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।'

## न्यूज डायरी

### मुंबई के कल्याण स्टेशन पर उपनगरीय ट्रेन पटरी से उतरी; कोई घायल नहीं, मार्ग पर यातायात प्रभावित



**मुंबई।** कल्याण स्टेशन पर शुक्रवार को एक उपनगरीय ट्रेन पटरी से उतर गई। गनीमत रही कि इसमें किसी को भी चोट नहीं आई। यह घटना ठाणे जिले में मुंबई से लगभग 60 किलोमीटर दूर हुई। एक अधिकारी ने बताया कि टिटवाला-सीएसएमटी ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर प्रवेश करते समय पटरी से उतर गई, जिससे मुख्य लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा, 'किसी को भी चोट नहीं आई है। ट्रेन जब प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर रुकने वाली थी तो धीमी गति में थी, तभी पीछे का डिब्बा पटरी से उतर गया।'

मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन के डीआरएम ने एक्स पर संदेश में कहा, 'तकनीकी समस्या के कारण मुख्य लाइन सेवाएं समय से पीछे चल रही हैं। असुविधा के लिए खेद है।' कल्याण मध्य रेलवे का सबसे व्यस्त जंक्शन है। उपनगरीय और लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए एक प्रमुख ठहराव है।

इससे पहले, रविवार को मुंबई सेंट्रल स्टेशन के ईएमयू कारशेड के बाहर एक ट्रेन पटरी से उतर गई थी, जिससे कई उपनगरीय ट्रेनें रद्द करनी पड़ी थीं। क्योंकि पटरी से उतरे डिब्बों के कारण डाउन स्लो लाइन का उल्लंघन हुआ था।

### भाजपा विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, राहुल समेत कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की थी अपमानजनक बयानबाजी



**कर्नाटक।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यतनाल के खिलाफ पुलिस ने उनके कथित बयान के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने एक जनसभा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कर्नाटक के मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की। इसके चलते उनके खिलाफ गांधी चौक पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

#### पहले भी हो चुका है मामला दर्ज

इससे पहले एक अक्तूबर को जानकारी सामने आई थी कि यतनाल के खिलाफ पुलिस ने उनके कथित बयान के लिए मामला दर्ज किया है। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि उनकी पार्टी के एक बड़े नेता ने राज्य में कांग्रेस सरकार गिराने के लिए एक हजार करोड़ रुपये अलग से रखे हुए हैं। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एस मनोहर की शिकायत के आधार पर, हाई ग्राउंड्स पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 के तहत मामला दर्ज किया था। यतनाल ने रविवार को दावणगेरे में दावा किया था कि उनकी पार्टी के एक बड़े नेता ने राज्य की कांग्रेस सरकार को गिराने और मुख्यमंत्री बनने के लिए बड़ी राशि अलग से रखी हुई है। हालांकि, उन्होंने इस नेता के का नाम का खुलासा नहीं किया था।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 2 आतंकी गिरफ्तार: 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद; मंदिर-अस्पताल में हमला करने वाले थे



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद की गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स नाम के संगठन से जुड़े हाइब्रिड आंतकी हैं। हाइब्रिड आतंकी आम नागरिकों की तरह ही इलाके में रहते हैं, लेकिन चोरी-छिपे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। जम्मू पुलिस के एडीजीपी आनंद जैन ने कहा कि पूछताछ में पता चला कि दोनों आतंकी ने मंदिर, सेना के ठिकानों और एक अस्पताल पर ग्रेनेड फेंकने की प्लानिंग कर रहे थे। वे लोगों में डर पैदा करने के लिए पुंछ में एंटी नेशनल पोस्टर भी चिपकाते थे। ये आतंकी बॉर्डर के पार पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे।

पुलिस ने 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार कियाक्ये युवाओं को आतंकवाद की ट्रेनिंग देते थे। इनके पास से 5 क्रऊ 30 डेटोनेटर, क्रऊकी 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है।

युवाओं की मदद से हमलों को अंजाम देने की साजिश थी पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली थी कि जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित कश्मीरी आतंकी उन युवाओं की तलाश में हैं, जिनका ब्रेन वॉश किया जा सकता है। जांच में सामने आया कि आतंकी ने जेल में एक ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से कई युवाओं की पहचान की, जिन्हें अवंतीपोरा के त्राल क्षेत्र में आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर ने इन युवाओं की मदद से क्रऊलगाने के लिए कुछ जगहों को सिलेक्ट भी कर लिया था। हैंडलर और क्रऊबनाने के लिए उन युवाओं को पैसे भी दिए थे, जिससे वे इसके लिए सामान ला सकें। युवाओं को पिस्तौल, ग्रेनेड, आईईडी भी दी गई थी। युवाओं को टारगेट किलिंग, सुरक्षाबलों, सार्वजनिक जगहों, गैर कश्मीरी मजदूरों पर ग्रेनेड फेंकने और क्रऊब्लास्ट करने जैसी टेररिस्ट एक्टिविटी को अंजाम देने का निर्देश दिया गया था।

# 'समाजवादी पार्टी को 12 सीटें चाहिए', महाराष्ट्र में एमवीए के सामने अखिलेश यादव ने रखी डिमांड




**मुंबई।** समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) से 12 सीटें मांगी हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश सिंह यादव ने शनिवार को उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने कुछ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, जहां उनके मौजूदा विधायक हैं और उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी जहां उन्हें लगता है कि वे मजबूत हैं।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है समाजवादी पार्टी

इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने राज्य में 12 सीटें मांगी है, उन्होंने आगे कहा कि दो विधायक हमारे हैं और हम वो लोग हैं जो कभी-कभी कम सीटों पर भी संतुष्ट हो जाते हैं। बता दें कि मुलायम सिंह यादव की तरफ से स्थापित उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन के इंडिया ब्लॉक की एक प्रमुख दल है।

### महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होंगे विधानसभा चुनाव

महाराष्ट्र में, तीन दल - शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे), कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) - जो विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक का भी हिस्सा हैं, एमवीए गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि भाजपा, शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) महायुति गठबंधन के तौर पर राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होंगे और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

# बीते 24 घंटे में तीन हवाई उड़ानों में मिली बम की धमकी, इस हफ्ते 35 से ज्यादा धमकियां मिलीं



**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस को बम की धमकी मिलने की घटनाएं लगातार जारी हैं। बीते 24 घंटे में तीन विमानों को बम की धमकी मिली है। इसके साथ ही इस सप्ताह विमानों को बम की धमकी मिलने की घटनाएं 35 से ज्यादा हो गई हैं। हालांकि गनीमत ये है कि ये सभी कॉल्स फर्जी निकली हैं, लेकिन इससे विमानों की सुरक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व दहशत का माहौल है। विमानों को धमकी मिलने का ताजा मामला विस्तारा एयरलाइंस की दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट से जुड़ा है, जिसे धमकी मिलने के बाद जर्मनी के फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ा गया।

विस्तारा की दिल्ली-लंदन फ्लाइट के साथ ही एयर इंडिया की जयपुर-दुबई एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान सेवा को भी बम की धमकी मिली। जांच में ये भी फर्जी निकली। अकासा एयर की बंगलूरू-मुंबई की फ्लाइट में भी ऐसी ही धमकी मिली। यह धमकी विमान के उड़ान भरने से कुछ समय पहले ही मिली , जिसके चलते विमान को उड़ान भरने में देरी हुई। पूरी सुरक्षा जांच के बाद ही विमान को उड़ान के लिए एनओसी दी गई। जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट को भी शनिवार सुबह 6.10 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन झूठी धमकी के चलते यह 7.45 बजे उड़ान भर सकी। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार से अब तक, इस हफ्ते कम से कम 35 उड़ानों को ऐसी बम की धमकियां मिली हैं, जिसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए सख्त नियम लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर डीजीसीए ने सुझाव दिया है कि फर्जी कॉल करने वाले दोषियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाए। साथ ही फर्जी धमकी से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दोषियों से की जानी चाहिए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि शुरूआती जांच में इन धमकियों के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका नहीं मिली है और ज्यादातर कॉल 'नाबालिगों और शरारती लोगों' द्वारा की गई थीं।

# आमरण अनशन स्थल पर डॉक्टरों से मिलने पहुंचे मुख्य सचिव, सीएम ममता बनर्जी ने फोन पर की बात

**जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे छह चिकित्सकों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है।**



**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रबर्ती ने मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों से फोन पर बात की। उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म करने की अपील की। साथ ही कहा वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगीं।

दरअसल जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे छह चिकित्सकों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। मौजूदा समय में एस्पलेनेड क्षेत्र में अनशन कर रहे आठ चिकित्सकों ने राज्य सरकार ने 21 अक्तूबर तक मांगों पर गौर करने की मांग की है।

एक चिकित्सक ने कहा कि अगर उनकी मांगें 22 अक्तूबर तक पूरी नहीं हुईं तो वे पूरे राज्य भर में हड़ताल करेंगे। हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमारे साथ बैठकर बात करें और हमारी सभी मांगों को पूरा करें। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के साथ ही कई कलाकारों ने सांकेतिक भूख हड़ताल की।

आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर एक महारैली की योजना बनाई है। इसमें वह स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को हटाने की भी मांग करेंगे। इसके अलावा चिकित्सकों ने राज्य सरकार से सभी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में केंद्रीयकृत रेफरल प्रणाली स्थापित करने, बेड रिक्ति नियंत्रण सिस्टम और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन कॉल ड्यूटी, वॉशरूम बनवाने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने की मांग की है।

वहीं मुख्य सचिव के आमरण अनशन स्थल पर पहुंचने के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से फोन पर बात की। सीएम ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए तीन से चार महीने का समय दीजिए।

सीएम ने डॉक्टरों से कहा कि आपकी मांगों से हम असहमत नहीं हैं। बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। उन्होंने कहा कि अपना प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। हम यथासंभव सहयोग करेंगे, लेकिन यह स्वीकार नहीं है कि सरकार को निर्देशित किया जाए कि क्या करना चाहिए।

# पूर्वी इंफाल में दो उग्रवादी गिरफ्तार; जिरिबाम के एक गांव में फिर भड़की हिंसा



### जिरिबाम के एक गांव में उग्रवादियों का हमला

जिरिबाम जिले के एक गांव में उग्रवादियों ने हमला कर दिया, जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने पांच बजे गांव पर हमला किया। उन्होंने गांव में बमबारी भी कीकेंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा जा रहा है। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

**मणिपुर।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले में दो उग्रवादियों क गिरफ्तार किया गया। दोनों की पहचान मुतुम इनाओ सिंह और ख्वायरकपम राजेन सिंह के तौर पर की गई है। उन्हें शुक्रवार को प्योरिरोम्बा खोंगनांगखोंग इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों पर जबरन वसूली और नुकसानदेह गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के पास से दो दोपहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन और 7,600 रुपये नकद बरामद किए गए।

मणिपुर डीएसपी राजीव सिंह ने कहा, यह बहुत चुनौती से भरा समय है, लेकिन हम इससे निपटने का प्रयास कर रहे हैं और सभी के साथ सहयोग कर रहे हैं। यहां कुछ परेशानी है, जिन्हें पर ठीक कर रहे हैं। हम भी शांति चाहते हैं। काफी नुकसान हुआ है, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले डेढ़ साल में चीजों में सुधार हुआ है। हिंसा और मौतों की संख्या कम हुई है। आगजनी और गोलीबारी की छिटपुट घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुरक्षाबल सतर्क हैं। हर कोई यह देखने में लगा हुआ है कि कुछ भी न बिगड़े। मैं दोनों समुदायं से अनुरोध करूंगा कि वे बात करके समाधान निकालें। इस समस्या का एकमात्र समाधान दोनों समुदायों के बीच शांतिपूर्ण बातचीत है। हम एक नागरिक अनुकूल बल हैं।

एकबार फिर हिंसा भड़कने के कारण गांव से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानो पर ले जाया जा रहा है। बता दें कि राज्य में पिछले डेढ़ साल से जारी संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए मैतेई और कुकी समुदायों के विधायकों के बीच राजधानी दिल्ली में बातचीत के कुछ दिनों बाद यह हिंसा हुई।

जिगिबाम के एक स्कूल में आग लग गई, जिसमें लाखों का सामान नष्ट हो गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को कलीमनगर पार्ट 2 क्षेत्र में स्थित 'ब्लूमिंग फ्लावर चिल्ड्रन फाउंडेशन स्कूल में आग लगी। हालांकि, किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है और आग पर भी काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# राजनाथ बोले- एआई से मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति की क्षमता

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पास डिसीजन मेकिंग सिस्टम; मिलिट्री लीडर्स में जियो-पॉलिटिक्स की समझ जरूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मिलिट्री ऑपरेशन में क्रांति लाने की क्षमता है।

एआई पहले से अनुमान लगाकर विश्लेषण कर सकता है। उसके पास स्वतंत्र डिसीजन मेकिंग सिस्टम भी है। राजनाथ सिंह ने ये बता शनिवार को दिल्ली में आयोजित 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम दीक्षांत समारोह में कही।

उन्होंने कहा- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में आप (जनता) लीडर होंगे, जिन्हें ये तय करना होगा कि इस तकनीक का फायदा कहां और कैसे उठाया जाए। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में मिलिट्री लीडर्स को जियो-पॉलिटिक्स, इंटरनेशनल रिलेशन और ग्लोबल सिक्योरिटी अलायंस की परेशानियों की मजबूत समझ होना बहुत जरूरी है।

सिंह ने कहा कि मिलिट्री लीडर्स के लिए गए फैसलों के दूरगामी रिजल्ट हो सकते हैं, जो युद्ध के मैदान से आगे बढ़कर डिप्लोमेसी, इकोनॉमिक्स, इंटरनेशनल लॉ के दायरे में भी फैल सकते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में पॉलिटिकल सीख बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये सोचना कि हमारे विरोधी इन क्षमताओं का फायदा उठा सकते हैं, इस बात की याद दिलाता है कि हमें ऐसी किसी भी संभावित संभावना के लिए कितनी तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।

भारत के पास पाकिस्तान से तीन गुना ज्यादा सैनिक पाकिस्तान से तुलना की जाए तो भारत के पास उनसे तीन गुना ज्यादा सैनिक हैं। भारत के पास पैरा मिलिट्री फोर्स भी पाकिस्तान से ज्यादा है। भारत की पैरामिलिट्री फोर्स में 25 लाख 27 हजार सैनिक हैं।

पाकिस्तान में इनकी संख्या सिर्फ पांच लाख है। भारत के पास 4,641 टैंक और 606 लड़ाकू विमान हैं। जबकि पाकिस्तान के पास 3,742 टैंक और 387 लड़ाकू विमान हैं। नेवी की क्षमता के मामले में भी पाकिस्तान हमसे काफी पीछे है। हालांकि, पाकिस्तान के पास 57 अटैक हेलिकॉप्टर्स हैं, जबकि भारत के पास इनकी संख्या सिर्फ 40 है। ग्लोबल फायर पावर ने देशों की पावर इंडेक्स के हिसाब से यह रैंकिंग तय की है। किसी देश की कुल मारक क्षमता को पावर इंडेक्स कहा जाता है। जिस देश का पावर इंडेक्स जितना कम होता, उसकी सेना उतनी ही ज्यादा शक्तिशाली होगी। भूटान सबसे कम सैन्य क्षमता वाला देश इसमें अमेरिका का पावर इंडेक्स 0.0699 है। वहीं भारत का पावर इंडेक्स 0.1023 है। डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान का पावर इंडेक्स 0.1711 है।

### भारतीय सेना दुनिया में चौथी सबसे ताकतवर

पाकिस्तान 9वें नंबर पर फरवरी 2024 में सेना संबंधी डेटा रखने वाली वेबसाइट ग्लोबल फायरपावर की सैन्य ताकत सूची-2024 में दुनिया के 145 देशों की सेनाओं की क्षमताओं का विश्लेषण कर रैंकिंग जारी की थी। इसके मुताबिक, भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे ताकतवार सेना है। अमेरिका सैन्य क्षमता के मामले में सबसे शक्तिशाली देश है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रूस और तीसरे पर चीन का नाम था। लिस्ट में 60 से ज्यादा पैमानों के आधार पर रैंकिंग की गई थी। इसमें सैनिकों की संख्या, हथियार, फाइनेंस, लोकेशन और रिसोर्स जैसे फैक्टरों को ध्यान में रखा गया था। लिस्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पास दुनिया की 9वीं सबसे ताकतवर सेना है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# विधानसभा उपचुनाव : दो दिन में बिके 11 नामांकन पत्र

## अब सोमवार को होगा नामांकन कार्य, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी रहे मौके पर मौजूद









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद विधानसभा सीट -56 पर होने वाले उप चुनाव को लेकर नामांकन का शनिवार को दूसरा दिन रहा। शुक्रवार और शनिवार को हुए नामांकन कार्य के दौरान अब तक कुल 11 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। जबकि अभी तक किसी ने नामांकन नहीं किया है। वहीं कई लोगों ने चालान जमा कराके विक्रय फ्रॉम प्राप्त करें हैं। शनिवार को भी नामांकन कार्यक्रम के चलते जिला मुख्यालय और सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के आसपास सुरक्षा का कड़ा पहरा रहा। खुद एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ यहां सुबह 10 बजे से लेकर 02 बजे तक तैनात रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों की भी मौजूदगी देखने को मिली है।

इन्होंने खरीदे हैं नामांकन पत्र

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा- 56 के उपचुनाव हेतु गयादीन पुत्र कंछेदीलाल पार्टी राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी, वीरेन्द्र कुमार पुत्र जयपाल सिह पार्टी पब्लिक पॉलिटीकल पार्टी, नरेन्द्र पुत्र राजपाल सिंह पार्टी कांग्रेस, रूपेश चन्द्र विश्वकर्मा पुत्र राजेश्वर विश्वकर्मा निर्दलीय, भूपेन्द्र चौधरी पुत्र सुखवीर चौधरी निर्दलीय द्वारा नामांकन फार्म खरीदे गये। इस प्रकार 18 से 19 अक्टूबर तक 11 नामांकन फार्म खरीदे गये।

**नामांकन कार्य में 22 अक्टूबर के बाद तेजी आने की उम्मीद**

**करंट क्राइम :** नामांकन की प्रक्रिया विधानसभा गाजियाबाद सीट-56 उपचुनाव के लिए चल रही है लेकिन दो दिनों में अभी तक कुल 11 नामांकन पत्र ही खरीदे गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है कि 22 अक्टूबर के बाद नामांकन के कार्य में तेजी आएगी। जिसमें राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करने का काम करेंगे। बता दे की 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम समय है।

### नामांकन कार्यक्रम के चलते पुलिस बल की रही तैनाती



करंट क्राइम : विधानसभा गाजियाबाद सीट-56 के उपचुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीते दो दिनों में 11 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। नामांकन पत्र खरीदे जाने और नामांकन पत्र से संबंधित कार्य के लिए किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती नामांकन कक्ष और मार्ग पर की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखी जा रही है और मेटल डिटेक्टर से सभी को प्रवेश दिया जा रहा है।

# आयुष्मान बनकर हिंदू महिला से शादी करने वाला उस्मान गिरफ्तार

## इंदिरापुरम पुलिस ने तेलंगाना से आरोपी को किया गिरफ्तार



**महिला ने दर्ज कराया था धर्म परिवर्तन कराने गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा**

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार धर्मांतरण और धर्म छुपा कर महिलाओं के साथ जबरन शादी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। किसी कड़ी में ट्रांस हिंडन जोन की कौशांबी पुलिस ने कौशांबी में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर उस्मान खान नाम के उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसने पहले हिंदू महिला से आयुष्मान बनाकर शादी की, फिर हिंदू महिला का धर्म परिवर्तित कराने का प्रयास किया। उसका गर्भपात कराया और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस को इस मामले में शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी उस्मान खान को थाना अट्टापुर हैदराबाद तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी तेलंगाना हैदराबाद से की गई है। साथ ही इस पूरे मामले के सभी साक्ष्य भी मौजूद हैं।

**मुकदमा दर्ज होने के एक महीने के भीतर हुई गिरफ्तारी**

**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि महिला की शिकायत पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रांस हिंडन जोन ने 19 सितंबर को महिला की ओर से कौशांबी थाने में मुकदमा दर्ज किया था।

महिला के मामले की जांच पड़ताल बहुत तेज गति से की गई। इसी के चलते पुलिस ने आरोपी को एक माह यानी 30 दिन के भीतर गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

बताया जा रहा है कि उस मामले में कौशांबी पुलिस ने सभी इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस भी एकत्रित किए हैं।

### महिला को लंबे समय से परेशान कर रहा था आरोपी

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने जब धर्म परिवर्तन करने को लेकर विरोध किया, तो वह उसके साथ मारपीट करता था। जान से मारने की धमकी देता था ,उसका जबरन गर्भपात भी कराया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी के तीन भाई और मां को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

# हे प्रभु! क्या समय आ गया है : हिमांशु लव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट से टिकट मांगने वालों की जो गिनती सामने आ रही है उनमें से



एक भी गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से नहीं है। कोई मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से है, कोई साहिबाबाद से है, कोई दादरी से है। क्या भाजपा संगठन को गाजियाबाद शहर से विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए कोई कार्यकर्ता नहीं मिला। जिसने भी शहर से टिकट की दावेदारी की है, उसका नाम नहीं। यहां तक कि लोगों को संगठन में भी पद चाहिए, चाहे वो महानगर हो या क्षेत्रीय संगठन हो और विधानसभा का टिकट भी चाहिए तो आम कार्यकर्ता क्या मात्र दरियां बिछाने या कुर्सियों को संभालने के लिए है या बूथ सम्मेलनों के लिए हैं। हे प्रभु ! क्या समय आ गया है ?

# वो थे परदेस में और देश में आते रहे किसके पास फोन! टिकट का जानना चाहते थे सब उनसे आखिर वो हैं कौन!




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में जब सीन इलैक्शन का हो तो फिर हर उस शख्स के दिलों दिमाग में टेंशन हो जाती है जो दल से टिकट मांग रहा है। वो अपने दिमाग के सभी तार इस्तेमाल कर रहा है और दिल से भी टिकट को लेकर इमोश्नल है। दल की अपनी प्रतिबद्धताएं हैं और संगठन को अपना काम करना है। लेकिन इन सबके बीच कुछ चेहरे ऐसी कड़ी होते हैं जो पूरे सीन में सबसे रोचक लड़ी होते हैं।



इलैक्शन की बेला में लोकसभा वाले अपने देश को छोड़ कर सरकार वाले हवाई जहाज में बैठ कर महामहिम के साथ परदेस गये। परदेस में भी एक देश नहीं था उन्हें तीन देशों में जाना था और तीनों देशों में अपने देश की बात रखनी थी। ऐसे में एक विधानसभा के बारे में कैसे सोचा जा सकता है। मगर सोचने वालों ने तो पूरा अनुमान लगा रखा था और उन्होंने फोन भी उन्हें मिलाया जिनके भरोसे वो पूरी लोकसभा छोड़ कर गये हैं। कहने वालों ने कहा कि जब लोकसभा आप संभाल रहे हो तो विधानसभा के बारे में भी बता ही सकते हो। शहर वाले बता रहे हैं कि वो भले ही परदेस में थे लेकिन देश में उनकी लोकसभा संभाल रहे एक चेहरे के पास कई फोन आये। एक व्यक्ति का फोन नहीं आया, बल्कि कई दावेदारों ने उन्हें फोन मिलाया।

फोन वालों ने भी हर फोन को रिसीव किया और हर बात को बड़े ध्यान से सुना। बताते हैं कि दावेदारों ने उनसे कहा कि हमने अपना बायोडाटा दिया था। क्या उस बायोडाटा पर कुछ काम हुआ। कोई ये जानना चाहता था कि हमने तो अपनी बात उनसे रखी लेकिन क्या उन्होंने हमारी बात आगे रखी। किसी ने तो यहां तक कहा कि हम अपनी बात आपके आगे रख रहे हैं और आप हमारी बात उनके सामने रखो। हमसे भले ही बात नहीं हो पा रही है लेकिन हमें यकीन है कि आपसे जरूर बात होगी।

जब बात हो तो हमारी बात भी उन तक पहुंचा। बहरहाल परदेस वालों के हाल चाल देश वाले लेते रहे। पूरा शहर जानता है कि किसके पास फोन आये और क्यों आये। बहरहाल सुनने वालों ने भी कमाल किया और उन्होंने भी हर फोन उठाये। किसी ने कुछ भी कहा लेकिन उन्होंने हर बात को पूरे ध्यान से सुना। ये अहसास कराया कि अगर वो लोकसभा हमारे भरोसे छोड़ गये हैं तो हम भी उस भरोसे पर पूरे खरे उतरेंगे।

# क्यों खुली और फिर क्यों 6 महीने में ही बंद हो गई निगम में इन कंपनियों की फाइल

## बड़े आरोपों के साथ हुआ हंगामा और फिर बेहद शांत तरीके से सब कुछ हो गया कूल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में छोटी सी बात का भी बड़ा हंगामा होता है। बोर्ड बैठक में मामले उठते हैं, कार्यकारिणी की बैठक में सवाल उठते हैं। कई बार मैटर को लेकर ही नगर निगम की बड़ी शक्तियों में लैटर युद्ध हो जाता है। नगर निगम में ही इस बात को लेकर चर्चा होती है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि बड़ी कंपनियों को लेकर बड़े आरोप लगे और फिर बड़े ही कूल तरीके से पूरा मामला शांत हो गया। पांच कंपनी ऐसी बतायी जाती हैं कि जिन पर आरोप लगे और फिर 6 महीने के भीतर शिकायत वाली फाईल ही बंद हो गई।

### स्पैरो पर लगे आरोप और फिर कंपनी ही हो गई सीन से आउट

करंट क्राइम। नगर निगम की बात चलती है तो यहां यूजर चार्ज वसूलने वाली कंपनी स्पैरो का भी जिक्र आता है। इस कंपनी की भी फाईल खुली थी और इसकी कार्यशैली को लेकर नगर निगम की कार्यकारिणी में हंगामा हुआ था। नवंबर में इसको निरस्त करने के लिए मेयर ने पत्र लिखा और फिर एक अधिकारी पर भी आरोप लगे थे कि यह फर्म उनके किसी रिश्तेदार की है। बाद में ये कंपनी ही सीन से आउट हो गई।

### कूड़ा कलैक्शन वाली नेचर ग्रीन और जेएस एनवॉयरो की भी खुली थी फाईल



करंट क्राइम। कूड़े और निगम का अपना नाता है। नगर निगम कूड़ा निस्तारण के लिए अलग-अलग तरीके अपनाता है। कूड़ा कलैक्शन करने वाली कंपनी नेचर ग्रीन को लेकर भी हंगामा हुआ था। बाद में जांच की फाईल खुली और फिर फाईल कोल्ड बॉक्स में चली गई। इसी तरह कूड़ा निस्तारण करने वाली डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन करने वाली कंपनी जेएस एनवॉयरो की भी फाईल खुली थी और ये मांग उठी थी कि इस कंपनी का टेंडर खत्म किया जाये। जांच भी शुरू होने की बात थी लेकिन इससे पहले किसी पर आंच आती, उससे पहले पूरी आग ही ठंडी हो गई।

### रोड स्वीपिंग का भी उठा जोर-शोर से मामला और फिर छा गई खामोशी

करंट क्राइम। बड़ी मशीनों से सड़कों की सफाई का काम रोड स्वीपिंग कंपनी को दिया गया। नगर निगम में ये कहा गया कि कंपनी ठीक से काम नहीं कर रही है, सड़कों की सफाई नहीं हो रही है। इस कंपनी को बड़े वाहन से सड़क की सफाई करनी थी। ये आरोप लगे कि सड़कों की सफाई में 12 गाड़िया नगर निगम की लगी हुई है। टेंडर खत्म की चर्चा सुनी गई और फिर जोर-शोर से उठा ये मामला उतनी ही खामोशी से शांत भी हो गया।

### जिस फर्म पर थी 5 करोड़ पैनल्टी की चर्चा, उस फर्म को हो गया पूरा भुगतान

करंट क्राइम। जब बात चर्चित फर्म की आती है तो निगम का इतिहास बताता है कि जीरोन कंपनी को लेकर हंगामा हुआ था। दिल्ली का कूड़ा खुद छापा मारकर गाजियाबाद में मेयर ने पकड़ा था। ये पहला मौका था जब कूड़े की गाड़ी काफिले के साथ नन्दग्राम थाने में ले जायी गई थी और बताते हैं कि उस समय 5 करोड़ रूपये की पैनल्टी लगाने की बात इस फर्म पर हुई थी और कंपनी का भुगतान रोकने के आदेश हुए थे। लेकिन बताया जाता है कि फिर कुछ ऐसा हुआ कि सब खामोश हो गये और पैनल्टी तो क्या ही गलती उल्टे कंपनी को पूरा भुगतान हुआ।

### जिसकी होनी थी जांच उसको किया तीन करोड़ का भुगतान

करंट क्राइम। नगर निगम में जांच की मांग के बाद कई फाईले खुली। किसी ने खुद ही जांच की मांग की और खुद ही क्लीन चिट दे दी। एक मामले में तो निगम के एक ठेकेदार का नाम चर्चा में रहा। बताया जाता है कि उनकी फर्म पर जांच होनी थी और फिर जिस फर्म पर जांच चल रही थी उस फर्म को 3 साल से रूका हुआ 3 करोड़ का भुगतान हो गया।



# करवा चौथ आज : बाजारों में पुलिस तैनात, झपटमारों पर रहेगी पैनी नजर

## मेहंदी की दुकानों के आसपास तैनात की गईं चीता बाइक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद महिलाओं से होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए कई प्रयास किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में करवा चौथ के त्यौहार को लेकर करवा चौथ से एक दिन पहले ही बाजारों में पुलिस तैनात कर दी गई थी। तो वहीं मेहंदी लगाने वाली प्रमुख दुकानों और मार्केट के आसपास भी पुलिसकर्मियों को चीता बाइक पर तैनात किया गया ताकि कहीं पर किसी प्रकार की झपटमारी या वारदात न होने पाए। इसके साथ ही डीसीपी सिटी जोन, देहात और ट्रांस हिंडन जोन ने अपने-अपने क्षेत्र के थाना प्रभारियों को भ्रमणशील रहने और वारदात रोकने के निर्देश दिए हैं।

### करवा चौथ से पहले बाजारों में रौनक



### कमिश्नरेट में चालू है मिशन शक्ति फेस फाइव

करंट क्राइम : एसीपी महिला अपराध नियंत्रण प्रियाश्री पाल ने बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वैसे भी बीते दिनों मिशन शक्ति का फेस 5 शुरू हो गई है। इस कड़ी में महिलाओं की सुरक्षा इसके साथ ही उनके साथ होने वाले अपराध हो के मामले में त्वरित कार्रवाई और उनको महिला हेल्पलाइन नंबर से लेकर अन्य जानकारी मुहैया कराई जा रही है। वही करवाचौथ के त्यौहार के चलते विशेष मुस्तेदी भी बरती जा रही है।





### महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैनात की गई महिला सब-इंस्पेक्टर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई थानों पर महिला सब इंस्पेक्टर तैनात हैं। तो महिला थाने का प्रभार भी महिला सब इंस्पेक्टर के पास है। करवा चौथ के त्यौहार के मद्देनजर लिंक रोड थानाक्षेत्र, तुरमराब नगर, कवि नगर, राज नगर के साथ ही क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में महिला सब इंस्पेक्टर को खासतौर पर मेहंदी ड्यूटी के लिए लगाया गया था ताकि वह महिलाओं की सुरक्षा कर सके।



## संपादकीय

# बढ़ता मेडिकल खर्च

हमारे देश में अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा परिवारों को अपनी जेब से देना पड़ता है। तीन लाख से अधिक परिवारों के सर्वेक्षण पर आधारित भारत सरकार की एक वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि अपनी जेब से ग्रामीण परिवारों को 92 प्रतिशत और शहरी परिवारों को 77 प्रतिशत खर्च करना पड़ता है। एक अन्य सरकारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 2021-22 में कुल स्वास्थ्य खर्च में अपनी जेब से होने वाले खर्च का हिस्सा 39.4 प्रतिशत था, जो 2014-15 के 64.2 प्रतिशत के आंकड़े से बहुत कम है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि आयुष्मान भारत जैसी सरकारी बीमा योजनाओं तथा निजी बीमा में बढ़ोतरी का सकारात्मक असर हो रहा है। वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 50 करोड़ निर्धन एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को पांच लाख रुपये का बीमा मुहैया कराया जाता है। पिछले महीने इस योजना को हर आय वर्ग के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों के लिए भी लागू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के बाद से निजी बीमा लेने में भी बड़ी वृद्धि हुई है। फिर भी बहुत से परिवारों के इलाज में हुए खर्च को खुद वहन करने की मजबूरी चिंताजनक है। गंभीर बीमारियों के उपचार का खर्च बहुत से परिवार नहीं उठा पाते तथा इस कारण गरीबी का शिकार बन जाते हैं। हालांकि बीते वर्षों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, पर स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की समुचित उपलब्धता नहीं है। ऐसे में लोग निजी अस्पतालों की शरण में जाने को विवश होते हैं। सभी निजी अस्पताल बीमा योजनाओं के तहत पंजीकृत नहीं हैं। वहां परिवार को ही खर्च वहन करना पड़ता है। यह भी देखा गया है कि बीमा कंपनियां वादे के मुताबिक भुगतान नहीं करती हैं। इससे भी रोगी के परिजनों का बोझ बढ़ जाता है। बीमा योजनाओं का भी लाभ तभी मिलता है, जब मरीज को भर्ती कराना पड़ता है। जैसे अन्य चीजों और सेवाओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं, वैसे उपचार का खर्च भी बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में मेडिकल मुद्रास्फीति 14 प्रतिशत के आसपास है, जो एशिया में सबसे अधिक है। बीमा प्रीमियम की दरें भी महंगी होती जाती हैं। इलाज के अलावा तरह-तरह की जांच, आवागमन, किराये पर बिस्तर या कमरा लेना आदि के खर्च भी बढ़े हैं। कुछ ही शहरों में गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ हैं और अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था है। खर्च बढ़ाने में ये कारक भी योगदान देते हैं। बीमा योजनाओं तथा सस्ती दवाओं के लिए जन औषधि केंद्र जैसी पहलों के विस्तार की जरूरत है तथा अस्पतालों को भी उपचार को सस्ता करना चाहिए।

# सर्वे: ब्याज दर 9% से अधिक होने पर मकान खरीदारी होगी प्रभावित

**मुंबई।** भारत की आर्थिक वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से विस्तार को बढ़ावा दे रही है। आवासीय बाजार हर साल 25.6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, जिसके 2029 तक बढ़कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, इस वृद्धि में महंगे होम लोन बड़ी बाधा बन सकते हैं। फिक्की और एनारॉक के ह्यमकान खरीदार धारणा सर्वेक्षणह्न सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने की उनकी इच्छा प्रभावित हो सकती है। सर्वे में दावा किया गया है कि 71 फीसदी से अधिक लोग मानते हैं कि अगर ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम रहती हैं, तो खरीदारी का फैसला प्रभावित नहीं होगा। 54 फीसदी ने कहा, ब्याज दर 8.5 फीसदी से 9 फीसदी के बीच होने पर उन्हें अपनी पसंद पर विचार करना पड़ेगा।



2029 तक 1.04 लाख करोड़ डॉलर का आवासीय बाजार

**98% चाहते हैं...समय पर पूरी हो परियोजना :** करीब 98 फीसदी मकान खरीदारों की प्राथमिकता समय पर परियोजनाओं का पूरा होना है। 93 फीसदी लोग बेहतर निर्माण गुणवत्ता चाहते हैं, जबकि 72 फीसदी उत्तरदाता अच्छे हवादार मकान खरीदना चाहते हैं।

**रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र :** 59 फीसदी से अधिक लोगों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र है। 67 फीसदी से अधिक लोग खुद के इस्तेमाल के लिए मकान खरीदना चाहते हैं। 35 फीसदी से अधिक खरीदारों के लिए 45-90 लाख का बजट पसंदीदा विकल्प है। 28 फीसदी 1.5 करोड़ तक के मकान खरीदना चाहते हैं।

**उद्योग की सफलता के लिए विश्वास महत्वपूर्ण :** फिक्की के कार्यक्रम में सेबी के कार्यकारी निदेशक प्रमोद राव ने कहा, उद्योग की दीर्घकालिक सफलता के लिए निवेशकों का विश्वास महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता और कामकाज के तरीकों पर सेबी की नजर इस विश्वास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण कारक रही है।

# दूसरे दिन भी मुदा दफ्तर में ईडी की छापेमारी जारी

## आंध्र में वाईएसआरसीपी सांसद के परिसर पर भी एजेंसी की रेड

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को भी मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) दफ्तर में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी की। इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, सीएम सिद्धारमैया पर मुदा द्वारा अपनी पत्नी पार्वती को 14 साइटों के आवंटन में अनियमितताओं के आरोप हैं। इससे पहले ईडी ने शुक्रवार को भी मुदा के दफ्तर में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने बाहरी लोगों को दफ्तर के परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया।




**दो दिन से जारी है छापेमारी :** केंद्रीय जांच एजेंसी ने सीआरपीएफ सुरक्षा टीम के साथ मिलकर मैसूर में मुदा दफ्तर, तहसील कार्यालय और इस मामले में शामिल आरोपियों के परिसरों पर शुक्रवार से छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने कहा कि भूमि अधिग्रहण और आवंतन नीतियों के बारे में पूछताछ के लिए एजेंसी द्वारा मुदा को कई चिट्ठी भेजी गई, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद ही एजेंसी ने छापेमारी की। ईडी ने 30 सितंबर को सीएम और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दायर की थी, जिसमें हाल ही में लोकायुक्त द्वारा दर्ज की गई एफआईआर का संज्ञान लिया गया था।

# 5000 करोड़ जुटाने को बाजार में उतरेंगी 3 कंपनियां

## दिसंबर तक आईपीओ से 1.20 लाख करोड़ जुटाएंगी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में उठापटक के बावजूद प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ से कंपनियां दिसंबर तक रिकॉर्ड 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटा सकती हैं। इससे पहले 2021 में 63 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 1.20 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

64 कंपनियों ने आईपीओ से इस साल अब तक 93,647 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अगले हफ्ते तीन कंपनियां 5,000 करोड़ से ज्यादा रकम जुटाने के लिए उतरेंगी। इस तरह, इस महीने के अंत तक आईपीओ से जुटाई जाने वाली रकम 97,782 करोड़ रुपये पहुंच जाएगी।




नवंबर के पहले हफ्ते में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ का आईपीओ ला रही है। इसे मिला दें तो कुल रकम 1.08 लाख करोड़ हो जाएगी। शापूरजी पलोनजी की अफकॉन्स इन्फ्रा भी 8,000 करोड़ और स्विगी 11,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार में उतरेगी। विश्लेषकों के मुताबिक, आईपीओ का यही रुझान बना रहा तो दिसंबर तक ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक पैसा कंपनियां जुटा सकती हैं।

**संख्या के लिहाज से टूटा रिकॉर्ड :** वैसे आईपीओ की संख्या के लिहाज से रिकॉर्ड टूट चुका है। 2024 में अब तक 64 कंपनियां बाजार में उतरी हैं और अगले हफ्ते तीन उतरेंगी। 2023 में 58 कंपनियों ने 49,437 करोड़, 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ और 2021 में 63 कंपनियों ने 1.20 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

# अभी ब्याज दर घटाने में बड़ा जोखिम : रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आगाह करते हुए आज कहा कि रीपो दर में अभी कटौती की गई तो यह जल्दबाजी में लिया गया और बेहद जोखिम भरा कदम हो सकता है। सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.5 फीसदी के करीब पहुंच गई है और अक्टूबर में भी इसका आंकड़ा ऐसे ही बने रहने की आशंका है।

‘जल्दबाजी में लिया गया और बेहद जोखिम भरा कदम हो सकता है।’




ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम में दास ने कहा, जब आपकी मुद्रास्फीति 5.5 फीसदी हो और अगले महीने के आंकड़े भी ऊंचे रहने की आशंका हो तो दर में कटौती बेवक्त का और बेहद जोखिम भरा निर्णय हो सकता है। यदि वृद्धि दर अच्छी है तो दर में कटौती नहीं कर सकते दास ने संकेत दिया कि रिजर्व बैंक दर घटाने की तभी सोचेगा, जब मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य के पास टिक जाएगी। उन्होंने कहा, ह्यमैं दर कटौती पर अभी से अटकलें नहीं लगाना चाहता। हमें आगे के आंकड़ों का इंतजार करना चाहिए।

दास ने कहा कि दर के बारे में रिजर्व बैंक का कदम मुद्रास्फीति के अनुमान पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, इसलिए हमें देखना होगा कि अगले 6 महीने या एक साल में मुद्रास्फीति की चाल कैसी रहेगी और उसी के हिसाब से हम कदम उठाएंगे।

इस हफ्ते की शुरूआत में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र ने उम्मीद जताई थी कि वित्त वर्ष 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 4 फीसदी के दायरे में टिक सकती है।

पिछले हफ्ते 6 सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई थी, जिसमें लगातार दसवीं बार रीपो दर को जस का तस रखने का फैसला हुआ। मगर अभी तक राहत के उपाय वापस ले रही नीति का रुख बदलकर ह्यतटस्थह्न कर दिया गया, जिसके बाद बाजार के भागीदार दिसंबर में दर कटौती की अटकलें लगाने लगे। लेकिन मुद्रास्फीति के ऊंचे आंकड़े ने बाजार की उम्मीदें फीकी कर दीं। सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.49 फीसदी रही, जो 9 महीने में सबसे अधिक है।

दास ने मौद्रिक नीति बैठक के बाद संकेत दिया था कि मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आ रही है मगर सितंबर में यह बढ़ सकती है और प्रतिकूल आधार प्रभाव के कारण निकट अवधि में ऊंची बनी रह सकती है।

## राशिफल

**मेष:** अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझेदारी में व्यापार करना आपको हानिकारक लगेगा।

**वृष:** सेवा कार्य से जुड़े वर्ग के लिए अच्छा दिन है। किसी पुराने दोस्त से मिलते हैं, तो पुरानी शिकायतों को भूलकर नई शुरूआत करने का समय आ गया है।

**मिथुन:** मन की शांति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहें। कोई मित्र आ सकता है। यात्रा योग।

**कर्क:** कार्य में सफलता के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। मानसिक और शारीरिक स्थिति सामान्य रहने वाली है। काम को लेकर मन में नए विचार आएंगे।

**सिंह:** अनुशासन के नियमों का पालन करेंगे। कार्य व्यवसाय में वृद्धि होगी। समझदारी से काम लेंगे। प्रबंधन पर ध्यान देंगे। व्यापारिक संबंधों को महत्व देंगे।

**कन्या:** व्यापार में लाभ की उम्मीद है। नौकरीपेशा जातकों और छात्रों के लिए दिन अच्छा रह सकता है। मन बेचैन रहेगा। धैर्य रखने की कोशिश करें।

**तुला:** आत्मविश्वास बढ़ेगा लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आज कुछ मानसिक तनाव हो सकता है। संतान के करियर को लेकर आप चिंतित हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** सामान्य तौर पर दिन कल से बेहतर रहेगा, इसे महत्वपूर्ण दिन नहीं कहा जा सकता। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई सूचना सुनने को मिलेगी।

**धनु:** नौकरी में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आपके लिए शुभ है और सांसारिक सुख भोगने के साधनों में खर्च की अधिकता रहेगी।

**मकर:** सामान्य तौर पर दिन कल से बेहतर रहेगा, आज मन में सकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। नियोजित कार्य समय पर पूरे होंगे।

**कुंभ:** धैर्य रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सा खर्च बढ़ सकता है। मन में निराशा और असंतोष रहेगा। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी।

**मीन:** आपके मन के अनुसार कार्य में प्रगति होगी। नौकरों या कनिष्ठ वर्ग और दोस्तों से पूरा सहयोग मिलेगा। विरोधियों की जीत होगी। निर्णय आपके पक्ष में आएंगे।

## चुटकुले

ट्रेन में लिखा था, 'बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री होशियार।
उसी ट्रेन में चिंटू भी जा रहा था।
उसने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह, जो टिकट न खरीदें वो होशियार
हमने जो खरीद के रखी है तो हम बेवकूफ हैं क्या?

एक बार 5 डॉक्टरों ने मिलकर
एक घोड़े का ऑपरेशन किया।
ऑपरेशन करने के बाद बड़े डॉक्टर
ने कंपाउंडर से कहा - देखो कोई
औजार तो नहीं छूट गया पेट में।
कंपाउंडर बोला - औजार तो सब हैं,
लेकिन डॉक्टर गुप्ता
नहीं दिखाई दे रहे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग कि ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकते हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफि न एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ चार - दो से शानदार जीत दर्ज की

**जोहोर बाहरू ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत के साथ बेहतरीन शुरूआत की। भारत की जीत में आमिर अली (12'), गुरजोत सिंह (36'), आनंद सौरभ कुशवाह (44') और अंकित पाल (47') ने गोल किए, जबकि जापान के लिए सुबासा तनाका (26') और राकुसेई यामानाका (57') ने गोल किए।

भारत की शुरूआती गेम में जीत का स्वागत दिग्गज पूर्व भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने बड़ी मुस्कान के साथ किया, जो भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच के रूप में हॉकी में अपनी नई पारी की शुरूआत कर रहे हैं।

शुरूआत से ही यह एक रोमांचक मैच था, जिसमें भारतीय जूनियर हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक हॉकी



खेली और मैच के शुरू में ही गोल करने के मौके तलाशते रहे। मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने बेहतरीन फील्ड गोल करके जापानी रक्षापंक्ति को ध्वस्त कर दिया।

जापान ने इस शुरूआती झटके से वापसी की जब 26वें मिनट में सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इस बराबरी के गोल ने भारत के मनोबल को कम नहीं किया और उन्होंने जापान को 2-1 की बढ़त लेने से रोक दिया, जब नियो सातो और युतो हिगुची ने मिलकर गोल पर बेहतरीन शॉट लगाने के लिए मिलकर काम किया, जिसका श्रेय भारतीय गोलकीपर अली खान को जाता है जिन्होंने गोलपोस्ट में शानदार बचाव किया।

हाफ-टाइम ब्रेक के छह मिनट बाद, भारत ने अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब गुरजोत सिंह, जिन्होंने पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, ने बेहतरीन फील्ड गोल किया। इस गोल को बनाने में मोहम्मद कोनैन दाद ने उनकी शानदार मदद की और भारत को अच्छी गति दी।

कुछ ही मिनटों बाद, दिलराज सिंह ने चतुराई से भारत को एक महत्वपूर्ण पीसी अर्जित करने में मदद की, जिसने उन्हें 44वें मिनट में अपनी बढ़त को 3-1 तक मजबूत करने में मदद की। आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने विस्फोटक ड्रैग-फ्लिक से जापान के गोलकीपर किशो कुरोडा को छकाकर गोल किया।

भारत का गोल-उत्सव अंतिम क्वार्टर में भी जारी रहा, जब अंकित पाल ने 47वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया। उन्होंने पीसी से रिबाउंड लेकर गेंद को जापान के गोलकीपर के पार पहुंचाया। इससे भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

हालांकि जापान ने 57वें मिनट में राकुसेई यामानाका के जरिए गोल किया, लेकिन भारत 4-2 से आगे रहा। मैच के अंतिम समय में कुछ तनावपूर्ण क्षण भी आए, जब भारतीय हमलावरों ने पांचवें गोल की तलाश में अपनी रणनीति में तेजी दिखाई।

लेकिन जापान के गोलकीपर कोकी ओरिगासा ने गोल को रोककर अच्छा प्रदर्शन किया और भारत ने 4-2 से शानदार जीत दर्ज की।

# बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए मुश्ताक अहमद को स्पिन सलाहकार नियुक्त किया

**ढाका ।** बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को स्पिन गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया है। मुश्ताक ने पहले आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और पाकिस्तान दौरे के दौरान बांग्लादेश टीम की मदद की थी, लेकिन पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण वह भारत दौरे पर नहीं जा पाए थे।

मुश्ताक ने शनिवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टीम के नेट सत्र की देखरेख की, खिलाड़ियों को सुझाव दिए और हाल ही में चंदिका हथुरुसिंघा की जगह लेने वाले नवनियुक्त मुख्य कोच फिल सिमंस के साथ विस्तृत बातचीत की।

क्रिकबज ने बीसीबी के एक अधिकारी के हवाले से बताया, ₹वह (मुश्ताक) इस (दक्षिण अफ्रीका) सीरीज के लिए यहां हैं। इस साल, जब भी वह उपलब्ध होंगे और उनकी कोई पूर्व प्रतिबद्धता नहीं होगी, वह हमारे



साथ सीरीज दर सीरीज काम करेंगे। अभी, वह यहां हैं, हम देखेंगे कि अगली सीरीज में क्या होता है।

बीसीबी के एक अन्य अधिकारी ने जोर देकर कहा कि वे साल के अंत तक मुश्ताक के साथ दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का लक्ष्य बना रहे हैं, बशर्ते सब कुछ योजना के अनुसार हो।

यह अनिश्चित है कि मुश्ताक अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज और वेस्टइंडीज दौरे के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह सौदा उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

इससे पहले, बांग्लादेश ने 21 अक्टूबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की जगह अनकैप्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर हसन मुराद को शामिल किया था।

23 वर्षीय मुराद ने 2021 में अपने डेब्यू के बाद से 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट लिए हैं।

# मैकडोनाल्ड और कमिंस ने स्मिथ को टेस्ट में चौथे नंबर पर वापस भेजने का फैसला किया

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खुलासा किया कि उन्होंने और कप्तान पैट कमिंस ने स्टीव स्मिथ को टेस्ट में चौथे नंबर पर वापस भेजने का फैसला किया है, जबकि कुछ समय तक उन्होंने ओपनिंग की थी।

डेविड वार्नर के संन्यास के बाद स्मिथ चौथे नंबर से ओपनिंग करने के लिए टेस्ट में आए, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली, उन्होंने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैचों में 28.50 की औसत से 171 रन बनाए।

मैकडोनाल्ड ने शनिवार को एबीसी रेडियो के समर ग्रैंडस्टैंड शो में कहा, यह पैटी और मेरे ऊपर है और हम इस अंतिम निर्णय को लेते हैं।

हमें सामूहिक रूप से लगा कि नेतृत्व समूह के रूप में, टीम के लिए यह सबसे अच्छा था कि वह ओपनिंग से हट जाए। स्पष्ट रूप से, पिछले साल के चरण में हमें लगा कि टीम के लिए



यह सबसे अच्छा था कि वह ओपनिंग करे।

कोच ने कहा, ₹इससे हमें कैमरून (ग्रीन) को नंबर 4 स्लॉट पर लाने में मदद मिली। जैसे-जैसे समय बीतता है, आप भविष्य के बारे में सोचते हैं और इस गर्मी में हमारे सामने अलग-अलग चुनौतियाँ हैं। यह सामूहिक निर्णय था। आखिरकार, यह ऐसा निर्णय है जो स्टीव नहीं लेते।₹

उस्मान ख्वाजा के टेस्ट में ओपनिंग करने के साथ, शीर्ष पर उनके साथ कौन होगा, इस दौड़ पर रविवार से नजर रहेगी, जब मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मैथ्यू रेनशॉ और युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास शेफील्ड शील्ड के अगले दौर में अपनी-अपनी टीमों के लिए खेलेंगे।

हैरिस, बैनक्रॉफ्ट और कोंस्टास के साथ ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में भारत 'ए' के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों के लिए, जो इस महीने के अंत में मैके और मेलबर्न में खेले जाने हैं, मैकडोनाल्ड ने कहा कि ऊपर बताए गए सभी नाम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए दावेदारी में हैं।

# सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु टेस्ट के शतकधारी रचिन और सरफराज को सराहा

**नई दिल्ली ।** पूर्व दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले रचिन रवींद्र और सरफराज खान की तारीफ की है।

**क्रिकेट हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का एक तरीका है। रचिन रवींद्र का बेंगलुरु से एक खास जुड़ाव है, जहां से उनका परिवार आता है! उनके नाम एक और शतक। इन दोनों प्रतिभाशाली युवाओं के लिए आगे रोमांचक समय है।**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन, जो बेंगलुरु से हैं, ने अपना दूसरा टेस्ट शतक बनाया और मेहमान टीम को पहली पारी में 402 रन बनाने में मदद की, जबकि भारत को 46 रनों पर समेट दिया, जो घरेलू मैदान पर उनका सबसे कम टेस्ट स्कोर था। उन्होंने 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 134 रनों की पारी खेली। वह 2012 के बाद से भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज भी बन गए।

दूसरी ओर, सरफराज ने शनिवार को भारत की दूसरी पारी में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, जिसमें उन्होंने ऋषभ पंत के साथ मिलकर टीम की अगुआई की। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 113 रनों की अटूट साझेदारी की, इससे पहले कि बारिश ने पहले सत्र में खेल रोक दिया और लंच जल्दी शुरू हो गया। सरफराज (125 नाबाद) और पंत (53 नाबाद) के क्रीज पर रहते हुए भारत का स्कोर 71 ओवर में 344/3 था।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का एक तरीका है। रचिन रवींद्र का बेंगलुरु से एक खास जुड़ाव है, जहां से उनका परिवार आता है! उनके नाम एक और शतक। उन्होंने कहा, और सरफराज खान, अपना पहला टेस्ट शतक बनाने का यह कैसा मौका था, जब भारत को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी! इन दोनों प्रतिभाशाली युवाओं के लिए आगे रोमांचक समय है।

70 रन से आगे बढ़ते हुए, सरफराज ने शानदार अंदाज में अपना शतक पूरा किया - साउदी की गेंद पर बैकफुट पंच ने इन-फील्ड को चार रन के लिए क्लीयर कर दिया - दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बल्ला ऊंचा रखते हुए और अपने हाथों को ऊपर उठाते हुए दौड़ लगाई। इसके बाद उन्होंने हेलमेट उतार दिया, दहाड़ लगाई और शानदार तरीके से बल्ला घुमाया, इससे पहले कि पंत ने उन्हें गले लगाया, स्टेडियम में मौजूद दर्शक उनकी अविश्वसनीय पारी का स्वागत करने के लिए खड़े हो गए।



# पहला टेस्ट : सरफराज के शतक और पंत के अर्धशतक के बाद बारिश के चलते खेल रुका, भारत का स्कोर 344/3



**बेंगलुरु ।** शनिवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बारिश के चलते लंच जल्दी हो गया है। मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा था। खेल जब रुका तब भारत ने 71 ओवरों में 344/3 का स्कोर बना लिया था और न्यूजीलैंड से सिर्फ 12 रन पीछे था। सरफराज खान के पहले टेस्ट शतक और ऋषभ पंत की 12वीं अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने यह स्कोर खड़ा किया।

सरफराज ने चौथे दिन भी शानदार खेल दिखाया और कई बैकफुट शॉट्स लगाकर 125 रन पर नाबाद रहे। पंत ने भी उनका अच्छा साथ दिया और तेज खेल दिखाते हुए 53 रन पर नाबाद रहे। दोनों ने मिलकर 113 रन की साझेदारी की, जिससे भारत के पास अब भी बारिश रुकने पर जीत की हल्की उम्मीद बाकी है।

सुबह के समय, जब बादल छाए हुए थे, सरफराज ने विलियम ओ'रॉर्क के खिलाफ दो बेहतरीन शॉट्स लगाए और मैट हेनरी के खिलाफ भी कुछ चौके बटोरे। हालांकि इसी बीच, एक गलतफहमी के चलते पंत रन आउट हो सकते थे, लेकिन टॉम ब्लंडेल ने थ्रो मिस कर दिया।

इसके बाद पंत ने हेनरी की गेंद पर एक शानदार चौका लगाया और सरफराज ने टिम साउदी की गेंद पर जोरदार शॉट मारकर अपना शतक पूरा किया। इस शानदार मौके पर सरफराज ने बल्ला ऊपर उठाकर खुशी मनाई और पंत ने उन्हें गले लगाकर बधाई दी, जबकि स्टेडियम में मौजूद सभी लोग इस शानदार पारी के लिए तालियां बजा रहे थे।सरफराज ने इसके बाद भी कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, जबकि पंत ने भी बढ़िया छक्के मारे। पंत का एक एलबीडब्ल्यू निर्णय भी रिव्यू में पलट गया, और इसके बाद उन्होंने कुछ और चौके लगाकर अपना अर्धशतक 55 गेंदों में पूरा किया। यह पारी खासतौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण थी।

क्योंकि दो दिन पहले विकेटकीपिंग करते समय उनके घुटने में चोट लग गई थी।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की पावरहाउस गवर्निंग काउंसिल का गठन

**मुंबई ।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है, जिसमें तीन महान क्रिकेट खिलाड़ी और मास्टर्स शामिल होंगे झ लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर, सर विवियन रिचर्ड्स और शॉन पोलक। यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लीग



खेल प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच बनी रहे, जहां खेल की विरासत और मनोरंजन का संगम हो, और दुनिया भर के प्रशंसकों को दिग्गजों के खेल का अद्वितीय रोमांच मिल सके। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में ईशान किशन की हुई वापसी, गायकवाड़ कर सकते हैं कप्तानी



**नई दिल्ली ।** ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाजों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिजर्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो मैचों में से एक को मिस कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौका दे सकता है।

देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज होंगे। वहीं अभिषेक पोरेल और ईशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं। नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे। वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल को टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किया गया है।

22 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही इस घरेलू सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक और ईरानी ट्रॉफी में एक शतक बनाया था। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने सीजन की शुरूआत भी शतक के साथ ही की है। 23 वर्षीय सुदर्शन ने अगस्त में इंग्लिश काउंटी सरे के लिए एक शतक बनाया था। इसके बाद दलीप ट्रॉफी में उन्होंने एक और शतक जड़ा। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में भी उन्होंने दोहरा शतक जड़ा है।

21 वर्षीय ऑलराउंडर नितीश ने हर्निया से उबरने के बाद इस महीने की शुरूआत में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए ळ20 अंतर्राष्ट्रीय में डेब्यू किया और फि लहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम के रिजर्व खिलाड़ी हैं। उन्हें भारतीय चयनकर्ताओं द्वारा एक प्रतिभाशाली ऑलराउंडर के रूप में देखा जा रहा है, जो और अधिक अनुभव और अवसरों से बेहतर हो सकते हैं।

इंडिया ए की टीम 31 अक्तूबर से मैकॉय में और 7 नवंबर से मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच खेलेगी। इसके बाद वे 15 से 17 नवंबर के बीच पर्थ में भारतीय टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच खेलेंगे। इसके बाद 22 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया ए की टीमः ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पड़िक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथर, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुष कोटियान, यश दयाल।

# टेस्ट क्रिकेट को टी20 अंदाज में खेलते थे वीरेंद्र सहवाग

**नई दिल्ली ।** भारत का पहला तिहरा शतकधारी, मुल्तान का सुलतान, नजफगढ़ का नवाब, विनाशकारी सलामी बल्लेबाजः न जाने ऐसे कितने विशेषण हैं जो एक बल्लेबाज के लिए इस्तेमाल किये जाते हैं और यह बल्लेबाज और कोई नहीं बल्कि वीरेंद्र सहवाग है जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी की परिभाषा को ही बदल डाला था। वह टेस्ट क्रिकेट को टी20 अंदाज में खेलते थे। वह 20 अक्टूबर को अपना 46वां जन्मदिन मनाएंगे।

सहवाग फिर से चर्चा में तब आये जब न्यूजीलैंड के गेंदबाज टिम साउदी ने भारत के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में सहवाग का टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के मारने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। साउदी ने 3 छक्के जड़े और अपने छक्कों की संख्या 92 पहुंचा दी। सहवाग के नाम 91 छक्के थे।

वह मैच की स्थिति या चिंता से बेपरवाह होकर अगली गेंद पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम थे। फिर भी, उनके पास वह पूर्वानुमान था जो हर महान बल्लेबाज को परिभाषित करता




है। अपनी खेल शैली के कारण, सहवाग को शुरू में सीमित ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता था, और वनडे में पदार्पण करने के बाद उन्हें टेस्ट मैच खेलने के लिए दो साल तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन भाग्य के एक विडंबनापूर्ण मोड़ में, उनका टेस्ट रिकॉर्ड कहीं अधिक प्रभावशाली है, जबकि उन्होंने वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी अपार प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया है। शुरूआत में कुछ औसत दर्जे के प्रदर्शन के बाद, सहवाग ने अपने 15वें वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी की शुरूआत करने के लिए भेजे जाने पर धमाका किया, 69 गेंदों पर शतक बनाकर दुनिया के सामने अपनी पहचान बनाई।

## वनडे में, सहवाग ने हमेशा विपक्षी टीम से मैच छीनने की धमकी दी है

वनडे में उनका स्ट्राइक-रेट कम से कम 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शाहिद अफरीदी के बाद दूसरे स्थान पर है, लेकिन उनका औसत केवल 34 रन है जो उनके टेस्ट मैच के औसत 49.34 से बहुत कम है।

लेकिन ऐसा अक्सर नहीं किया, बल्कि शीर्ष क्रम के कैमियो खिलाड़ी के रूप में खुद को शामिल किया और मध्य-क्रम के लिए काम आसान करने के लिए गेंद को जोर से मारा। फिर भी, उन्होंने एक भारतीय द्वारा सबसे तेज एकदिवसीय शतक (60 गेंदों पर) का रिकॉर्ड 4 साल तक अपने पास रखा, इससे पहले कि विराट कोहली ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिक्सथन सीरीज में इसे तोड़ दिया। इसके अलावा, दिसंबर 2011 में, सहवाग ने इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में उल्लेखनीय 219 रन बनाए, जो उस समय केवल दूसरा एकदिवसीय दोहरा शतक था, और एकदिवसीय मैचों में अब तक का सर्वोच्च स्कोर था, जब तक कि रोहित शर्मा ने 2014 के अंत में अपनी 264 रन की पारी के दौरान इसे तोड़ नहीं दिया।हालांकि, उनके टेस्ट रिकॉर्ड ने उन्हें अलग कर दिया और वास्तव में खेल के महान दिमागों को स्तब्ध कर दिया। क्रीज पर अपने आक्रामक और अपरंपरागत दृष्टिकोण के कारण सीमित ओवरों के खिलाड़ी के रूप में टाइप-कास्ट होने के बाद, सौरव गांगुली के चतुर दिमाग ने शायद कुछ ऐसा देखा जो किसी और ने नहीं देखा और सहवाग को 2002 में इंग्लैंड दौरे पर संजय बांगर के साथ सलामी बल्लेबाजी की भूमिका में डाल दिया गया। नॉटिंघम में एक हरी-भरी पिच पर, जब घरेलू टीम उन पर दबाव बना रही थी।

सहवाग ने अपनी सरल, सघन तकनीक का इस्तेमाल करके गेंद को अपने पास आने के लिए पर्याप्त समय दिया और पहली पारी में शानदार 105 रन बनाकर नई गेंद की सभी परेशानियों को दूर कर दिया और उस स्थान को अपना बना लिया।

सहवाग ने टेस्ट स्तर पर सलामी बल्लेबाज की भूमिका को फिर से परिभाषित करना जारी रखा।

शीर्ष क्रम में आने के बाद उन्होंने शानदार फॉर्म में वापसी की। घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने के बाद, सहवाग ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर आक्रामक शतक के साथ 2003 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपना नाम बनाया, और मिड-विकेट बाउंड्री पार करने की कोशिश में टेस्ट में अपने पहले दोहरे शतक से सिर्फ.पांच रन दूर रह गए।

फिर भी, इस खिलाड़ी की हिम्मत इतनी थी कि कुछ ही महीनों बाद, जब मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ 297 रन पर सहवाग ने सकलैन मुश्ताक की गेंद पर छक्का लगाकर 72 साल पुराना इंतजार खत्म किया और टेस्ट क्रिकेट में भारत के पहले तिहरे शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

# कार्तिक मेले की तैयारियों में जुटे अधिकारी

## आईजी बोले- मेले में हुई पशु दौड़ तो नपेंगे जिम्मेदार



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में आईजी नचिकेता झा ने कहा कि गढ़ में गंगा तट पर लगने वाले कार्तिक मेले को शांति पूर्ण कराना ही पुलिस की प्राथमिकता है। मेले में पशु दौड़ प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ की बिक्री नहीं होनी चाहिए। जबकि मेले में हर वर्ष फायरिंग होती है, तो इसके लिए अफसर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि सभी अफसर यह सुनिश्चित कर लें कि मेले में हथियार लेकर कोई भी प्रवेश नहीं करें। मेले में इस बार ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर खास योजना बनाई जाएगी। जिसके लिए अफसर तैयारी में जुटे है।

**ड्रोन से की जाएगी निगरानी**

इस बार खास इंतजाम पुलिस की ओर से किए जाएंगे। मेले में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे, जिनकी मॉनिटरिंग एक ही स्थान पर कक्ष बनाकर की जाएगी। मेले में ड्रोन कैमरा से भी निगरानी रखी जाएगी।

इस दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि स्नान घाट से जुड़ी तैयारी पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान एसपी केजी सिंह, सीडीओ हिमांशु गौतम, एएसपी विनीत भटनागर, सीओ वरुण मिश्र समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

### मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर जोर



शनिवार को कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारी को लेकर आईजी नचिकेता झा गढ़ पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ गढ़ मेले को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर में हर बार कार्तिक मास में मेले का आयोजन किया जाता है। मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस के लिए चुनौती होता है।

# तहसील समाधान दिवस का आयोजन, उपजिलाधिकारी ने दिये त्वरित समाधान के निर्देश, भाकियू ने की मासिक पंचायत





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील मोदीनगर में शनिवार को तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिये। तहसील सभागार में आयोजित हुए तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता ने फरियादियों की शिकायते सुनते हुए संबन्धित अधिकारियों को त्वरित गति से समाधान किये जाने के निर्देश देते हुये किसी भी दशा में विलंब कार्रवाही पर नाराजगी जाहिर की। राष्ट्रीय लोक दल ने किसानों की समस्या व अन्य कुछ माँगों को लेकर ज्ञापन सौपा तथा भाकियू ने अपनी मासिक बैठक के साथ ही मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान संबंधित वार्ता की तथा दीपावली से पहले पूर्ण भुगतान करने, सभी माइनरों व रजवाहों में सफाई कराने व हेड से टेल तक पूर्ण सफाई कराकर सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी पहुंचाने, तहसील अंतर्गत सभी ग्रामीण मार्ग शुगर मिल के नए सत्र शुरू होने से पहले गड्ढा मुक्त कराने, नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अंतर्गत बेगमाबाद बुढ़ाना मार्ग पर स्थित गौशाला के पास साफ सफाई कराने व उसके बराबर मे खड़ंजे को पक्का कराने तथा रास्तों पर खराब लाइटों को ठीक करने की मांग की करते हुये दिल्ली-मेरठ हाइवे के दोनों ओर भोजपुर से सैदपुर तक सर्विस रोड बनाए जाने, अंडरपासों में पानी की निकासी, ट्यूबवैलों के लिए किसानों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिए जाने, बकाया के नाम पर कनेक्शन न काटने जाने, कादराबाद से निकलने वाले नाले की सफाई कराने, अवैध रूप से बनाई गई सड़कों को हटवानेव खतौनी में अंश निर्धारण में किए गए गलत नाम सही करने व आवारा पशुओं को रोकने आदि की मांग की गई है। पंचायत में भाकियू अध्यक्ष चैधरी बिजेन्द्र सिंह सहित अनेक भकियू कार्यकर्ता मौजूद रहें। उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता ने किसानों को आश्वासन दिया गया कि समस्त विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निस्तारण तत्काल प्रभाव से कराया जाएगा। इसके अलावा कई फरियादियों ने भी अपनी समस्याओं के लिये गुहार लगाई। कुल 38 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 3 का मौके पर ही समाधान करा दिया गया। शेष शिकायतों पर संबन्धित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाही के निर्देश दिये गये। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# भाजपा में उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने महानगर संगठन द्वारा उपचुनाव के बाबत पूर्व से तैयार संगठनात्मक तैयारियों को लेकर गहन चर्चा-वार्ता शुरू कर दी है। इसी तत्वावधान में पश्चिम उत्तर प्रदेश के महामंत्री एवं शहर विधानसभा के प्रभारी हरिओम शर्मा भाजपा के नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं महामंत्री पप्पू पहलवान सुशील गौतम के साथ पूरी तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता हातम सिंह नागर, सुभाष शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, ललित कश्यप, संजय कांत शर्मा, राजेश शर्मा, कामेश्वर त्यागी, पंकज भारद्वाज, लोकेश गर्ग, जोगेंद्र जाटव, सुनील गौतम आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

## खेत से लौटते समय हुआ हादसा, परिजनों ने किया कार्रवाई से इनकार



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा खुर्द में खेत से लौट रहे एक किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक किसान रविंद्र (30) शुक्रवार की देर शाम खेत पर काम करने गया था। खेत की जुताई के बाद वह ट्रैक्टर पर सवार होकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह खेत के बाहर पहुंचा, ट्रैक्टर ऊंचाई पर पहुंचने के कारण अनियंत्रित हो गया और पलट गया। इस हादसे में रविंद्र ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। रविंद्र की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई, और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई, जो मौके पर पहुंची। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया और शव को बिना किसी कार्रवाई के घर ले गए। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



# सिक्योरिटी गार्डों ने रेजिडेंट्स को डंडों से पीटा

## मेंटिनेंस के बकाया पैसे न देने पर हुआ विवाद, 3 सिक्योरिटी गार्ड अरेस्ट



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सिक्योरिटी गार्डों ने एक रेजिडेंट्स की डंडों से पिटाई की। दरअसल, ये रेजिडेंट्स मेंटिनेंस की बकाया राशि दिए बिना ही सोसाइटी छोड़कर जा रहा था। इस पर विवाद बढ़ा। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और तीन सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया- सोशल मीडिया पर शुक्रवार रात एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में कुछ सुरक्षाकर्मी एक शख्स की डंडे से पिटाई करते नजर आ रहे थे। जांच पड़ताल में ये वीडियो क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की सुशांत सोसाइटी का पाया गया। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित प्रदीप गुप्ता से शिकायत प्राप्त करते हुए मुकदमा दर्ज किया। शनिवार को इस केस में सुरक्षाकर्मी शिवपाल सिंह, सर्वेन्द्रपाल सिंह और सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि प्रदीप गुप्ता इसी सोसाइटी में रहते हैं। उन पर मेंटिनेंस का कुछ पैसा बकाया था। वो इस पैसे को दिए बिना ही सोसाइटी छोड़कर जा रहे थे। मेंटिनेंस अधिकारी रोशन झा ने पैसा जमा कराने को कहा तो प्रदीप गुप्ता ने दुर्व्यवहार किया। जिस पर हमने प्रदीप गुप्ता की पिटाई कर दी।

> ● **मेंटिनेंस अधिकारी रोशन झा ने पैसा जमा कराने को कहा तो प्रदीप गुप्ता ने दुर्व्यवहार किया। जिस पर हमने प्रदीप गुप्ता की पिटाई कर दी।**

# आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषाहार में निकले कीड़े, वीडियो वायरल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषाहार में चने की दाल में कीड़े निकलने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए पोषाहार दिया जाता है। भोजपुर ब्लाक के अन्तर्गत गांव विद्यापुर के आंगनबाड़ी केन्द्र पर शुक्रवार को कार्यकत्री पात्र ग्रामीणों को पोषाहार वितरित कर रही थी। पोषाहार की खाद्य सामग्री में दी गई चने की दाल में घुन व सुंडी थी। घुन के कारण चने की दाल पाउडर की तरह लग रही थी। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केन्द्र प्रभारी से मामले की, लेकिन उन्होने अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने घटिया पोषाहार सामग्री वितरित करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसी ने पोषाहार की दाल में घुन और सुंडी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। डीपीओ शशि वार्ष्णेय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। हो सकता है कि बरसात में किसी पैकेट में नमी के कारण यह शिकायत बन गई हो है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, लाठी-डंडों से हमला



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है, परिजनों ने गहने लूटने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निवाड़ी रोड स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी डोली राघव ने बताया कि वह घर के बाहर अपनी गाड़ी खड़ी करते है।

आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ दबंग इस बात लेकर उनसे रंजिश रखते है। इस बात को लेकर आरोपी आए दिन उनके साथ गाली गलौंज और मारपीट करते रहते है। आरोप है कि शुक्रवार करीब दस बजे पड़ोसी लाठी डंडे लेकर जबरन उनके घर में घुस गए और उन्हे व उनके पति अमरदीप पर हमला बोल दिया। आरोपी ने उन्हे लाठी डंडों से पीटा और सोने की चेन लूट कर ले गए। आरोपियों ने घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्र लिखकर घर से भागी छात्रा, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक (18) वर्षीय इंटर की छात्रा वह घर छोड़ने को लेकर पत्र लिखकर गयी है। परिजनों ने थाने में अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस छात्रा की तलाश कर रही है। सुचेतापुरी कॉलोनी निवासी (18) वर्षीय इंटर की छात्रा शुक्रवार की सांय घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली, जब वह नही लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश की, छात्रा का मोबाइल फोन भी बंद मिला। उसके बाद परिजनों ने देखा कि गायब छात्रा घर छोड़ने को लेकर पत्र लिखकर गयी हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गायब छात्रा के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। पुलिस छात्रा की तलाश कर रही है।




# चुनावी समीकरण ने किसी को बचाया तो किसी को फंसाया

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनावी आचार संहिता लगने के बाद कुछ प्रभारी खुश नजर आ रहे हैं। तो कुछ थोड़ी टेंशन में चल रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में ऐसे भी टू-स्टार हैं जिनकी पोस्टिंग पर आचार संहिता का सीधा असर पड़ा है। उधर सिटी और देहात के एक थानाक्षेत्र में आचार संहिता का सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। तो कहा जा रहा है कि जिस जोन में चुनावी कार्यक्रमों का सबसे ज्यादा तड़का लगेगा, वहां पुलिस वालों की दीपावली थोड़ी फीकी रह जाएगी। वहीं सूत्रों के जरिए सुनने में आ रहा है कि सिटी के सभी थानाक्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पूरा-पूरा असर देखने को मिल रहा है। एक थानाक्षेत्र तो पोलिंग पार्टियों के नामांकन से लेकर पोलिंग पार्टी रवानगी और मतगणना का स्थल है, यहां साहब लोगों से लेकर अधिकारियों की नजर रहती है। वही आयोग वाली टीम से लेकर प्रत्याशियों का भी मूवमेंट रहता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं की नदियापार के लिए नवरात्रों के 9 दिन में एक न्यूज आनी थी, पर अब वो दबकर रह गई है। तो वही एक पुराने प्रभारी को चार्ज का मौका मिल सकता था, अभी वह भी मामला होल्ड हो गया है। देखना होगा की दीपावली के बाद 23 नवंबर की डेट किसके लिए लकी रहेगी और कौन अनलकी ही साबित होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट जोन के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के साहब लोग आजकल ज्यादा अलर्ट मोड पर आ गए हैं। मामला चाहे छुट्टी देने का हो या किसी के जांच पत्र को देखने का यह लोग बहुत ज्यादा ध्यान लगा रहे हैं। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई टू- स्टार ऐसे हैं जो अब जल्द ही गाजियाबाद से जाने का वेट कर रहे हैं। हालांकि कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों 15 वाली जिनकी डेट फिक्स हुई थी, उन्होंने पास वाले कमिश्नरेट में एंट्री ले ली है। अब देखना होगा कि वह कमिश्नरेट गाजियाबाद की तरह वहां कहीं सेट होते हैं या उनको अभी पोस्टिंग के लिए वेट करना पड़ेगा।



# यूजीसी नेट के रिजल्ट में मोदीनगर के होनहारों ने लहराया परचम



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हाल ही में जारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के परिणाम में क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय में शोध एवं सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु योग्यता प्राप्त होती है। मोदीनगर तहसील के गांव सिखैडा हजारी निवासी चंद्रशेखर के पुत्र सोनू ने हिंदी विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने एमएम कॉलेज से एमए हिंदी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। क्षेत्र के ही सीकरीखुर्द गांव निवासी विनोद वत्स के पुत्र तुषार वत्स ने यूजीसी नेट की परीक्षा राजनीति विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण की। इनका स्वप्न आगे सिविल सेवाओं में जाना है। वहीं क्षेत्र के गांव विद्यापुर बखरवा निवासी राजेंद्र गोस्वामी के पुत्र सचिन गोस्वामी ने यह उपलब्धि पुरातत्व विषय के साथ प्राप्त की। उन्होंने अपना परास्नातक गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति में किया है। वर्तमान में वह पं0 दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान, नोएडा में डिप्लोमा कर रहे हैं। ये आगे चलकर पुरातत्वविद् बनना चाहते हैं। इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। इनकी सफलता से परिजनों एवं मित्रों में प्रसन्नता है, गुरुजनों ने इनको शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# रिटायर्ड अधिकारी से 1.19 करोड़ ठगे

**नोएडा करंट क्राइम।** 300 करोड़ रुपए के चिट फंड घोटाले में फंसाने की धमकी देकर साइबर जालसाज ने सेमी गवर्नमेंट कंपनी के रिटायर्ड अधिकारी के साथ एक करोड़ 19 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। बुजुर्ग तीन साल पहले रिटायर हुई थे और जो रकम ठगी गई है, यह उनकी जिंदगी भर की जमा पूंजी थी। शिकायत में सेक्टर-70 स्थित पेन ओसिस सोसाइटी निवासी राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के नाम से क्रेडिट कार्ड जारी हुआ है, जिसमें एक लाख नौ हजार रुपये की रकम आई है। शिकायतकर्ता ने जब अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर पूछा तो कथित बैंककर्मी ने दूसरे के कार्ड का नंबर बताया। इसके बाद स्काइप कॉल के जरिए बुजुर्ग को जोड़ा गया और कॉल कथित मुंबई पुलिस के अधिकारियों को ट्रांसफर कर दी गई।

## निरीक्षण







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल ने सड़कों की स्थिति और चल रहे काम का जायजा लिया। वो इंडस्ट्रियल एरिया में पहुंची और सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा तथा अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

# नोएडा में डिजिटल रेप मामले में पेरेंट्स पहुंचे स्कूल

**नोएडा, करंट क्राइम।** स्कूल में बच्चों की सुरक्षा की मांग को लेकर शनिवार को सेक्टर-27 स्थित स्कूल के बाहर पेरेंट्स पहुंचे। और जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि हम कैसे मान ले कि हमारे बच्चे यहां सुरक्षित है। जब स्कूल के टीचर और सुरक्षा में लगे लोग ही घटना को छिपाने का प्रयास कर रहे है। पैरेंट्स के हंगामे के बाद प्रिंसिपल और हेड मिस्ट्रेस को तत्काल हटा दिया। साथ ही जांच समिति ने स्कूल मैनेजमेंट को एक हफ्ते का समय दिया है। इसके साथ ही सुरक्षा गार्ड भी बदले जाएंगे। वहीं शुक्रवार को इस मामले में क्लास टीचर और सुरक्षा पर्यवेक्षक को कोर्ट ने जमानत दे दी है। जिस पर घटना को छिपाने का प्रयास किया गया था। इस मामले में डीएम ने जांच के लिए कमेटी गठित की है। इस कमेटी में सिटी मजिस्ट्रेट, डीआईओएस, बीएसए और प्रोबेशन अधिकारी शामिल हैं।

# राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक, त्यौहारी सीजन में टैक्स चोरी पर रहेगी नजर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग में शनिवार को ज्वेलर्स, स्वीट्स व रेस्टोरेंट व्यापारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर गाजियाबाद दिनेश कुमार मिश्रा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहारी सीजन में मिठाई और रेस्टोरेंट विशेष रूप से यह ध्यान रखें, खानपान में किसी प्रकार के मिलावट न रहे और किसी प्रकार की टैक्स चोरी ना हो। अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर गाजियाबाद दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गाजियाबाद में बड़ी संख्या में खरीदारी होती है। ऐसे में दुकानदारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह राजस्व हित में राष्ट्रहित में टैक्स जमा कराएं।

### किराए से पकड़ी जाएगी चोरी

बैठक में अधिकारियों ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद में बहुत सी जगह किराया लाखों में है जबकि व्यापारियों द्वारा राजस्व कम दिखाया जा रहा है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि यदि किराया अधिक है और बिक्री कम है तो ऐसा घाटे का व्यापार क्यों किया जा रहा है। ऐसे व्यापारियों की पहचान कर टैक्स जमा कराया जाएगा। राजस्व का आकलन किराए को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

### यूपीआई भुगतान से होगा आंकलन

वर्तमान में अधिकांश व्यापारियों द्वारा यूपीआई से पेमेंट ली जा रही है। व्यापार प्रतिष्ठानों पर लगे यूपीआई की जांच कर आकलन किया जाएगा कि उनके द्वारा यूपीआई के माध्यम से कितना भुगतान प्राप्त किया गया है। यूपीआई भुगतान से प्राप्त धनराशि के आधार पर टैक्स का आंकलन किया जाएगा। बैठक में बीकानेर वाला, हीरा स्वीटस, तक्षशिला फूड्स, अग्रवाल स्वीट्स, सुगंध स्वीट्स, मदन स्वीट्स, शगुन स्वीट्स व अन्य व्यापार प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि. अनु. शा.) राज्य कर जोन-2 गाजियाबाद ओ.पी तिवारी, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) अजय प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) सुजाता सिंह ने व्यापारियों को संबोधित किया। व्यापारियों की ओर से शुभम, राहुल गोयल, नितिन तोमर, रोहित सिंह, ओम दत्त गुप्ता, अनिल रहेजा व अन्य मौजूद रहे।

# चौकी प्रभारी व सिपाही पर हमले के तीन आरोपी अरेस्ट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शराब पीने से मना करने पर चौकी प्रभारी व सिपाही पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव कलछीना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, सिपाही कौशिन्द्र के साथ बुधवार की रात्री गांव में गश्त कर रहे थे। तभी रोहताश गढ़ी स्थित सामुदायिक केन्द्र पर छह से अधिक युवक शराब पी रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने चौकी प्रभारी व सिपाही पर हमला बोल दिया था। आरोपियों ने डंडा मारकर सिपाही कौशिन्द्र सिंह का सिर फोड़ दिया था। चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार की ओर से अशोक व राहुल नामजद सहित सात अन्य आरोपियों के विरुद्ध पुलिस पर जानलेवा हमले की धारा समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नोएडा में 11वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर-134 जेपी कॉसमॉस सोसाइटी की 11वीं मंजिल से गिरकर एक घरेलू सहायिका की मौत हो गई। युवती की पहचान स्वाति पुत्री राजेश्वर निवासी बदायू हुई है। युवती फ्लैट की बालकनी से नीचे गिरी। गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि युवती का पैर फिसल गया था। जिसके चलते वो अपना बैलेंस नहीं बना पाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों ने धक्का देने का आरोप लगाया है।

स्वाति कॉसमॉस सोसाइटी में टावर के फ्लैट नंबर 1105 में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। शनिवार दोपहर को वह सोसाइटी में ग्यारहवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में काम कर रही थी। अचानक वह बालकनी से नीचे आ गिरी। उसकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना से हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने पर घरेलू सहायिका के परिजन और अन्य ग्रामीण सेक्टर 134 पहुंच और सोसाइटी के बाहर पहुंच गए। ग्रामीणों ने काफी हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि युवती को धक्का देकर नीचे गिराया गया। वे फ्लैट मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाया-बुझाया।

# पति से झगड़े के बाद महिला ने अपने बच्चों को 23वीं मंजिल पर खिड़की के बाहर एसी पर बिठाया, दमकल ने बचाया

**बीजिंग ।** सेंट्रल चीन में पति से झगड़ा करने के बाद एक महिला ने उसे परेशान करने के लिए अपने दो छोटे बच्चों को 23वीं मंजिल के अपार्टमेंट के बाहर एयर कंडीशन पर बिठा दिया। यह घटना 10 अक्तूबर की है। हेनान प्रांत के लुओयांग में जब पड़ोसियों ने बच्चों के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनी तो वे अपने घरों से बाहर गए।



उनमें से कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया। बच्चों ने सेफ्टी गियर नहीं पहन रखा था। इस दौरान महिला अपने पति को बच्चों के पास जाने नहीं दे रही थी।

लड़की रो रही थी, जबकि उसका भाई शांत बैठा था। हालांकि, यह अभी तक पता नहीं पाया कि दंपती के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ था। पास के एक निवासी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी पाकर फायर फाइटिंग की टीम मौके पर पहुंचकर बच्चों को बचा लिया। स्थानीय महिला एवं बाल संघ के एक अधिकारी ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला को सजा मिलेगी या नहीं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को 55 मिलियन लोगों ने देखा।

## यूजर ने दी प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी। एक यूजर ने कहा, ₹एक मां को अपने बच्चों की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन उसने अपने बच्चों को खतरे में डाल दिया। वह मां बनने के योग्य नहीं है।

एक दूसरे यूजर ने कहा, अब कोई घटना घट जाती तो उससे ज्यादा पछतावा किसी को नहीं होता। इतना बड़ा कदम क्यों उठाया गया। शांत हो जाए, अगर आप उनके साथ रहना नहीं चाहते तो उन्हें तलाक दे दें। एक अन्य यूजर ने कहा, यह महिला पागल है। उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# भारत का योग सऊदी अरब को कर रहा निरोग, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त अरब महिला मारवई बोलीं- बदली मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली ।** जब मेरी बीमारी की वजह से चिकित्सकों ने माता-पिता से कह दिया, जिंदा नहीं बचूंगी, तो मैंने रियाद में घर पर रहकर योग सीखा और सच में इसने मेरी जिंदगी बदल दी।

यह बात सऊदी अरब की पहली प्रमाणित योग प्रशिक्षक और पद्म श्री पुरस्कार पाने वाली पहली अरब महिला नूफ मारवई ने कही।

मारवई कहती हैं कि सऊदी अरब के लोगों ने सात साल पहले योग को बेहिचक अपनाया था। अब यह प्राचीन भारतीय पद्धति इस देश में बेहद लोकप्रिय है और इसमें महिलाओं का दबदबा है। मारवई को 17 साल की उम्र में ऑटोइम्यून बीमारी ल्यूपस एरिथेमेटोसस होने का पता चला और यहीं से उनके योग के सफर का आगाज हुआ।



रियाद में घर पर रहकर योग सीखा। बाद में उन्होंने भारत आकर योग सीखने का फैसला किया व 2008 में वह योग व आयुर्वेद के अध्ययन के लिए वह भारत आ गईं।

## 2017 में मारवई ने सऊदी अरब में की योग की शुरूआत

मारवई ने ही 2017 में सऊदी अरब में योग की शुरूआत की। यही वजह रही कि भारत सरकार ने उन्हें 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया। अब वह 2021 में बनी सऊदी योग समिति की प्रमुख हैं, और अरब योग फाउंडेशन भी चलाती हैं।

उनका कहना है कि आज सऊदी अरब में योग अधिकतर महिलाएं करती हैं।

उन्होंने बताया कि इस जनवरी में अल-वहदा क्लब और सऊदी योग समिति की मक्का में आयोजित दूसरी सऊदी ओपन योग आसन चैंपियनशिप में 56 लड़कियां और सिर्फ 10 लड़के थे।

## सऊदी में नहीं, बाहर से प्रतिरोध झेलना पड़ा

जब उनसे पूछा गया कि इस्लाम जहां पैदा हुआ, उस सऊदी अरब में योग की शुरू करना कितना मुश्किल था। इस पर मारवई ने बताया कि यहां लोगों को बस यह समझने भर की जरूरत थी कि योग का अभ्यास उनके मजहब के खिलाफ नहीं है।

सऊदी अरब में योग को लेकर विरोध नहीं था। इसके उलट बाहर से कुछ प्रतिरोध झेलना पड़ा। वह कहती हैं कि अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी दर्शन का अध्ययन करने और सीखने में कोई बुराई नहीं है।

बेशक, वैदिक दर्शन और योग वेदों जैसी पृष्ठभूमि से आता है, जो वास्तव में प्राचीन हैं और हजारों सालों से मानवता के लिए फायदेमंद रहा है।

**अलग संस्कृति अपनाने में कोई हिचक नहीं :** मारवई ने कहा-सऊदी लोग अपने धर्म को जानते हैं। वे अलग-अलग संस्कृतियों को जानने और कुछ ऐसा अपनाने से हिचकिचाते नहीं हैं जो विवादित न हो।

वे कुछ भी ऐसा अपनाने में दिलचस्पी रखते हैं जो सेहत, तंदुरुस्ती के लिए अच्छा हो। बीते साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सऊदी नागरिकों सहित 10,000 लोगों ने शिरकत की।

वहीं, इस साल हज की छुट्टियों के बावजूद, 8,000 लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

# चार पत्नियों और प्रेमिकाओं की कमाई पर जिंदा शख्स, 54 बच्चे पैदा करने की चढ़ी सनक, 10 का बन चुका है पिता



**टोक्यो।** जापान से एक अजीबोगरीब खबर सामने आई है। यहां के उत्तरी प्रांत होक्काइडो के रहने वाले 36 वर्षीय रयुता वतनाबे को पिछले 10 सालों से कोई नौकरी नहीं मिली है। हालांकि, उनकी आकांक्षाएं भी अलग हैं। वह सिर्फ शादी और घर संभालना चाहते हैं। इतना ही नहीं, यहां तक कि वह 50 से अधिक बच्चों का पिता बनना चाहता है।

## चार पत्नियां और दो प्रेमिकाएं

वतनवे की फिलहाल चार पत्नियां और दो प्रेमिकाएं है। इन्हीं लोगों की आय से पूरा घर चलता है। यह बराबर-बराबर खर्चा बांटते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उसका मकसद 54 बच्चों का पिता बनना है। उसका मानना है कि वह इस तरह शादी के भगवान का खिताब हासिल कर सकेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वतनाबे पिछले 10 सालों से काम नहीं कर रहे हैं और अपनी पत्नियों और प्रेमिकाओं की कमाई पर निर्भर हैं। उनके पास पहले से ही 10 बच्चे हैं। वह अपने दो बच्चों और तीन पत्नियों के साथ रहते हैं। उन्होंने गृहस्थ का काम संभाल लिया है, जिसमें घर के काम, खाना बनाना और बच्चों की देखभाल करना शामिल है। उनका घरेलू खर्च हर महीने लगभग पांच लाख रुपये है, जिसे उनकी पत्नियां और प्रेमिकाएं मिलकर संभालती हैं। वतनाबे की चौथी पत्नी भी हैं, जो साल की हैं, लेकन वे उससे अलग हो गए हैं। इसके अलावा वह अपनी दो प्रेमिकाओं से सोशल मीडिया के जरिए मिले।

> **वतनाबे का कहना है, 'मैं 54 बच्चों को जन्म देना चाहता हूं ताकि मेरा नाम इतिहास में दर्ज हो सके। मैं अभी भी नई पत्नियों की तलाश में हूं।'**

जापानी टीवी शो पर वतनाबे ने कहा, 'मुझे बस महिलाओं से प्यार है। जब तक हम सभी एक-दूसरे से समान रूप से प्यार करते हैं, तब तक कोई समस्या नहीं होगी।' वतनाबे का कहना है कि उनका उद्देश्य जापान में सबसे अधिक बच्चों का पिता बनने का रिकॉर्ड तोड़ना है। टोकुगावा इएनारी नामक एक शोगुन ने अपने शासन के दौरान 27 रानी और 53 बच्चों को जन्म दिया था। वतनाबे का कहना है, 'मैं 54 बच्चों को जन्म देना चाहता हूं ताकि मेरा नाम इतिहास में दर्ज हो सके। मैं अभी भी नई पत्नियों की तलाश में हूं।'

# आईडीएफ गाजा में बमबारी, 33 फलस्तीनियों की मौत सीरिया के ड्रोन हमले को इस्राइल ने किया नाकाम

**येरूशलम ।** मध्य एशिया में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने शुक्रवार को सीरिया से आने वाले एक संदिग्ध हवाई हमले को नाकाम कर दिया। ब्रिटेन की सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने इस हमले को ईरान समर्थित इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक समूह द्वारा लॉन्च किया गया ड्रोन हमला बताया। दूसरी तरफ, इस्राइल ने शुक्रवार शाम उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर हवाई हमला किया, जिसमें 33 फलस्तीनी मारे गए। मरने वालों में 21 महिलाएं शामिल हैं।



इस्राइली सेना ने एक बयान में कहा, 'सीरिया से इस्राइली क्षेत्र की ओर आ रहे एक संदिग्ध हवाई लक्ष्य को इस्राइली क्षेत्र में घुसने से पहले ही वायु सेना ने रोक लिया था।'

युद्ध निगरानीकर्ता ने एक बयान में कहा, 'कब्जे वाले सीरियाई गोलान में इस्राइली हवाई सुरक्षा ने इराक में इस्लामिक प्रतिरोध द्वारा लॉन्च किए गए दो ड्रोनों को निशाना बनाया, जो सीरियाई क्षेत्र के माध्यम से इराक से आ रहे थे।'

## गाजा में बढ़ सकती है मौतों की संख्या

इस्राइल दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है, एक दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के साथ, दूसरा गाजा में हमास के साथ, जबकि उसे सीरिया, इराक और यमन में ईरान समर्थित आतंकवादियों के हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। उधर, हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस्राइली हवाई हमले में 33 फलस्तीनियों की मौत हो गई। कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों के नीचे फंसे होने के कारण मौतों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है।

# अपराध दर कम करने के लिए 10 साल के बच्चों को भी जेल

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य में अपराध दर को कम करने के लिए वहां की स्थानीय सरकार ने जेल भेजे जाने की उम्र में बड़ा बदलाव किया है। नए कानून के तहत ऑस्ट्रेलियाई उत्तरी क्षेत्र (एनटी) में जल्द ही 10 साल से कम उम्र के बच्चों को अपराध करने पर



फिर से जेल में डालने की अनुमति दी जाएगी। बता दें कि पिछली सरकार में 12 साल से कम उम्र के बच्चों को जेल में डालने की अनुमति नहीं थी। नई कंट्री लिबरल पार्टी (सीएलपी) की सरकार ने देश में युवा अपराध की दर को कम करनेके लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने तर्क दिया कि इससे बच्चों की रक्षा होगी, लेकिन डॉक्टरों और मानवाधिकार संगठनों ने इस तर्क का खंडन किया।

# चीन ने ताइवान पर हमला किया तो क्या करेगा अमेरिका

## डोनाल्ड ट्रंप ने जानिए क्या दिया जवाब

**वॉशिगटन ।** ताइवान पर चीन के हमले का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके चलते अमेरिका और चीन के रिश्तों में भी तनाव है। अब चूंकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है तो इसे लेकर रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से सवाल किया गया तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए और चीन ने ताइवान पर हमला किया तो वे चीन पर भारी टैरिफ लगा देंगे।

## एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप से पूछा गया ताइवान का सवाल

दरअसल एक मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप से ताइवान चीन विवाद पर सवाल किया गया तो ट्रंप ने कहा कि 'अगर चीन, ताइवान में दाखिल होता है तो मैं चीन के सामान



पर 150-200 प्रतिशत टैरिफ लगा दूंगा।' इस पर ट्रंप से पूछा गया कि चीन द्वारा ताइवान की घेराबंदी कर दी जाती है, तो क्या उसे तोड़ने के लिए वे अमेरिकी सेना का इस्तेमाल करेंगे? तो ट्रंप ने कहा कि चीन ऐसा नहीं करेगा क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उनका बहुत सम्मान करते हैं।

## ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं

गौरतलब है कि ट्रंप अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत अक्सर भारत और चीन द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ का जिक्र करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान आरोप लगाया था कि भारत, सभी प्रमुख देशों में से विदेशी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश है। डेट्रॉयट में हुए एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि 'भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश है। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। खासकर नरेंद्र मोदी के साथ, वह एक महान नेता हैं और उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन मुझे लगता है कि वे कई मायनों में चीन से भी ज्यादा शुल्क लेते हैं।

# ऐसे कर्मचारियों से भगवान बचाए , नौकरी से निकाला तो कंपनी को ही हैक कर दिया, मांगी करोड़ों की फिरौती

**वॉशिगटन ।** एक कंपनी को अपराधी स्वभाव के कर्मचारी को नौकरी पर रखने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। दरअसल इस कर्मचारी ने कंपनी में नौकरी के दौरान संवेदनशील डाटा चुरा लिया और जब कंपनी ने खराब प्रदर्शन के लिए उसे नौकरी से निकाला तो उसने उस संवेदनशील डाटा के आधार पर कंपनी को ही ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

## क्या है मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बेस्ड एक कंपनी ने उत्तर कोरिया के एक व्यक्ति को नौकरी पर रखा। रिपोर्ट्स के अनुसार वह व्यक्ति एक साइबर अपराधी था, जिसने फर्जी



दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की थी।

कंपनी ने कॉन्ट्रैक्ट आधार पर उत्तर कोरियाई व्यक्ति को नौकरी दी थी, जिसे घर से ही काम करने की सुविधा दी गई थी। नौकरी के दौरान उस साइबर ठग ने कंपनी के कंप्यूटर नेटवर्क में सेंध लगाई और वहां से काफी संवेदनशील डाटा डाउनलोड कर लिया।

जब कंपनी ने उस व्यक्ति के खराब प्रदर्शन को देखा तो चार महीने बाद उसे नौकरी से निकाल दिया, लेकिन तब तक वह कंपनी का संवेदनशील डाटा चुरा चुका था।

नौकरी से निकाले जाने के बाद उसने कंपनी को कुछ ईमेल भेजे, जिनमें कुछ संवेदनशील डाटा भी भेजा गया। आरोपी कंपनी से करोड़ों रुपये की फिरौती की मांग की वरना पूरा डाटा ऑनलाइन बेचने की धमकी दी।

**साइबर सुरक्षा कंपनी ने दी चेतावनी**

कंपनी ने अपनी पहचान जाहिर नहीं की है और उसने ये भी नहीं बताया है कि उसने आरोपी को फिरौती की रकम दी या नहीं, लेकिन कंपनी ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी कंपनी सिक्योरवर्क को घटना की जानकारी दी है ताकि ऐसी घटनाओं को लेकर जागरुकता आ सके और लोग सावधान रहें।

सिक्योरवर्क्स ने बताया कि रिमोट वर्कर्स के रूप में काम कर रहे उत्तर कोरियाई साइबर ठगों की नवीनतम घटना है, पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। एक बार काम पर रखे जाने के बाद, ये साइबर अपराधी अपने कर्मचारी की पहुंच का इस्तेमाल कर संवेदनशील कंपनी डाटा डाउनलोड कर लेते हैं।

# रूस में भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता, पुतिन ने की बॉलीवुड की तारीफ, बीआरआईसीएस का जिक्र कर किया बड़ा दावा

**मॉस्को ।** रूस में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बॉलीवुड की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रूस में भारतीय फिल्में बहुत लोकप्रिय हैं।

## 24 घंटे दिखाई जाती हैं भारतीय फिल्में

यह पूछे जाने पर कि क्या रूस देश में फिल्मों की शूटिंग के लिए ब्रिक्स के सदस्य देशों को प्रोत्साहन देगा इस पर राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, 'अगर हम ब्रिक्स के सदस्य देशों को देखें, तो मुझे लगता है कि रूस में भारतीय फिल्में सबसे लोकप्रिय हैं। हमारे पास एक विशेष टीवी चैनल है, जिस पर भारतीय फिल्में चौबीसों घंटे दिखाई जाती हैं। हमें भारतीय फिल्मों में बहुत रुचि है।'

**फिल्मों का अधिक प्रचार होगाः पुतिन**

उन्होंने आगे कहा, 'ब्रिक्स देशों में अगर हम सिनेमा की बात करें, तो भारतीय फिल्में रूस में सबसे लोकप्रिय



हैं। हम ब्रिक्स फिल्म महोत्सव का आयोजन करते हैं। इस वर्ष मास्को अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ब्रिक्स देशों की फिल्मों को पेश करता है।' पुतिन ने इस बात की भी संभावना जताई कि भविष्य में भारतीय फिल्मों का रूस में और भी अधिक प्रचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में भारत और रूस के बीच बातचीत हो सकती है और दोनों देश फिल्म उद्योग के क्षेत्र में और अधिक सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा के लिए तैयार हैं।

**दवाओं के क्षेत्र पर भी की बातः** सिनेमा के अलावा, पुतिन ने भारत और रूस के बीच फार्मास्युटिकल्स (दवाओं) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय फिल्में रूस में और अधिक लोकप्रिय होने के इच्छुक हैं, तो दोनों देशों के बीच एक व्यापक सहयोग का ढांचा तैयार किया जा सकता है।

> **पीएम मोदी से करेंगे बात**
>
> रूस और भारत के बीच इन गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों ने ब्रिक्स जैसे मंच को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है, जहां दोनों देश एक साथ आकर वैश्विक मंच पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने मित्र भारत के प्रधानमंत्री से कजान पहुंचने पर बातचीत करने के लिए तैयार हूं। मुझे यकीन है कि हम 100 प्रतिशत एक ही मुद्दे पर आ जाएंगे। कोई परेशानी नहीं है। मैं वहां देखता हूं। न केवल भारतीय फिल्मों को देखना आकर्षक होगा, बल्कि ब्रिक्स देशों के अभिनेताओं को उनकी संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कलाकारों, एक भारतीय अभिनेता, एक चीनी और इथियोपियाई अभिनेता को देखना आकर्षक होगा। आप जानते हैं कि हमने ब्रिक्स देशों के सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा की कि हमें नाट्य कला महोत्सव का आयोजन करना चाहिए और हमने सिनेमा अकादमी की स्थापना की।'

यह बयान भारत और रूस के बीच मजबूत होते संबंधों की ओर इशारा करता है, जिसमें सिनेमा और दवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। 'अवारा' बनी थी चर्चा का विषय विशेष रूप से, बॉलीवुड फिल्में रूस में बहुत प्रसिद्ध हैं, क्योंकि दोनों समाज यकीनन एक जैसे हैं और उनकी पसंद भी मिलती-जुलती दिखाई देती है। उन्हें वंचितों के बारे में गरीबी से अमीरी की कहानी और अच्छाई तथा बुराई के बीच स्पष्ट विभाजन पसंद है। तत्कालीन सोवियत संघ में सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म डिस्को डांसर (1982) थी।

# उत्तरी अमेरिका के इस देश में छाया अंधेरा, सरकारी सेवाएं बंद, जानें क्या है बिजली न होने की वजह

**हवाना ।** उत्तरी अमेरिका के क्यूबा में नेशनल पावर ग्रिड की विफलता के कारण शुक्रवार को देश को ब्लैकआउट (अंधेरे) का सामना करना पड़ा। सरकार ने पहले ही स्कूलो और गैर-आवश्यक उद्योगों को बंद कर दिया था। गंभीर बिजली की कमी को देखते हुए अधिकांश राज्य कर्मचारियों को उनके घर भेज दिया गया था।

ऊर्जा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि पावर ग्रिड 11:00 बजे ढह गया। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बिजली संयंत्रों की विफलता का कारण क्या है। बिजली की कमी क कारण पहले ही अधिकारियों को महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं को रद्द करने के निर्देश दिए गए थे।

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने एक्स पर कहा, ₹जब तक (बिजली) बहाल नहीं हो जाती, तब



तक कोई आराम नहीं होगा।₹ बता दें कि क्यूबा पहले से ही भोजन, ईंधन और पानी की कमी से जूझ रहा है। नाइट क्लबों को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोपहर के बाद से उन्होंने बिजली बहाल करने के लिए उचित कदम उठाना शुरू कर दिया था, लेकिन फिलहाल इस प्रक्रिया में समय लगेगा।

राजधानी हवाना में शुक्रवार को लगभग सभी कारोबार ठप रहा। स्थानीय निवासियों के साथ पर्यटक भी परेशान दिखे।

ब्राजील के एक पर्यटक कार्लोस रॉबर्टो जूलियो ने कहा, हम रेस्ट्रां गए, लेकिन वहां खाना नहीं था। बिजली न होने के कारण हम बिना इंटरनेट के घूम रहे हैं। प्रधानमंत्री मैनुएल मारेरो ने गुरुवार को क्यूबा में बिजली विफलता के लिए ईंधन की कमी, बिगड़ते बुनियादी ढांचे और बढ़ती मांग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आगे कहा, ईंधन की कमी सबसे बड़ा कारण है।

# गाजियाबाद में गैंगमैन की मौत के बाद दिल्ली-हावड़ा ट्रैक बाधित

## अप-डाउन लाइन पर बैठे रेलवेकर्मी, लोको पायलट पर हॉर्न न देने का आरोप





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में गौशाला रेलवे फाटक के पास शनिवार शाम एक रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कर्मचारियों ने लोको पायलट पर ट्रेन चलाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने गाजियाबाद स्टेशन के नजदीक कई ट्रेनों को रोक दिया। दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन बाधित होने की सूचना पर जीआरपी, रेलवे और स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। रेलवेकर्मियों को समझा-बुझाकर उन्हें ट्रैक से हटवाकर ट्रेनों का संचालन शुरू कराया।

### लोको पायलट पर हॉर्न न देने का आरोप

प्रदर्शनकारी रेलवेकर्मियों का कहना था कि गैंगमेन रेल पटरी पर पैदल चल रहा था। लोको पायलट ने उसको हॉर्न नहीं दिया। इस वजह से गैंगमेन को ट्रेन आने का पता नहीं चला और वो चपेट में आ गया। ये हादसा शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास हुआ, जब दनकौर से दिल्ली जाने वाली ईएमयू ट्रेन गाजियाबाद के गौशाला फाटक से गुजर रही थी।

रेलवेकर्मियों ने इस हादसे के विरोध में पहले तो दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन की अप और डाउन लाइन को बंद किया। इसके बाद लूप लाइन को भी जाम कर दिया। इस वजह से कुछ देर तक ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही।

# छात्रा के अपहरण का प्रयास करने वाले को लगी गोली

## सेंट्रल नोएडा की पुलिस से हुई मुठभेड़, कक्षा 6 की छात्रा ने बाइक से कूद कर खुद को था बचाया





**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस की कक्षा 6 की छात्रा के अपहरण का प्रयास करने वाले आरोपी से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

दरअसल बिसरख थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक कक्षा 6 की छात्रा अपने स्कूल जा रही थी, तभी मोटरसाइकिल सवार युवक ने उसको अपनी बातों में से बहला लिया। फिर उसको अपनी मोटरसाइकिल में बैठा लिया स्कूल के पास पहुंचने पर भी आरोपी ने बच्ची को मोटरसाइकिल से नहीं उतारा। मोटरसाइकिल को तेजी से दौड़ा दिया, इस दौरान बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए मोटरसाइकिल से कूद गई और शोर मचाया। इससे वह घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को उसकी जानकारी दे, इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमे एक आरोपी की पहचान हुई। इसी मामले में थाना बिसरख पुलिस द्वारा रोजा जलालपुर बार्डर के पास चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस टीम को गोपीनय सूचना प्राप्त हुई कि लड़की के अपहरण का प्रयास करने वाला आरोपी अनुज थाना क्षेत्र के निमार्णाधीन प्लाट एरिया में छिपा हुआ है। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबन्दी करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी कि तभी आरोपी द्वारा एक निर्माणधीन मकान की दीवार से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश अनुज के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## 108 शिकायतों में से 6 का मौके पर निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम के निर्देशन पर जनपद गाजियाबाद की 3 में से 2 तहसीलों लोनी एवं मोदीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। लोनी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें 70 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण हुआ। इस मौके पर एसडीएम लोनी श्री राजेन्द्र, एसीपी लोनी, एसएचओ लोनी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही मोदीनगर तहसील में एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, इस दौरान 38 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति के पदाधिकारियों से दिल्ली में हुई नरेंद्र कश्यप की मुलाकात

## हवन एवं पूजन के साथ शुरू हुआ पदाधिकारियों का कार्यालय





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी का जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा बीते दिनों संघटनात्मक नियुक्ति की गई थी। जिसके तहत राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के तौर पर डॉ. के लक्ष्मण सांसद को बनाया गया है। तो वहीं तीन चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें नरेश बंसल सांसद, रेखा वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सांसद संबित पात्रा का नाम शामिल है।

शनिवार को इन पदाधिकारियों के बैठने और राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए कार्यालय की शुरुआत की गई। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को भी नई दिल्ली में केंद्रीय समिति द्वारा आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने केंद्रीय समिति के इन पदाधिकारियों से मुलाकात की। उनके साथ कई राजनीतिक विषयों पर चर्चा भी की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन पर मंत्रणा के साथ ही कई प्रदेशों में होने वाले विधानसभा और विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी बातचीत की गई है।

### अरुण सिंह से हुई नरेंद्र कश्यप की चुनावी चर्चा

**करंट क्राइम।** अरुण सिंह भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं। राजनीति में उनका कद किसी से छुपा नहीं है और वह उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी विशेष महत्व रखते हैं। शनिवार को अरुण सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप से विधानसभा उपचुनाव को लेकर बातचीत की। इस दौरान उत्तर प्रदेश चुनाव के समीकरण को लेकर भी चर्चा की गई है। यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने इस दौरान जातिगत समीकरण से लेकर प्रत्याशियों के चुने जाने को लेकर भी बातचीत की गई है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन चुना जाएगा इसको लेकर भी केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा।

### उपचुनाव में भी भाजपा करेगी विजय हासिल : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली राष्ट्रीय कार्यकाल में थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं और पदाधिकारियों से उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा की। यूपी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी। पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी और नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर ढंग से काम करेगा। विपक्ष को लेकर जिस तरीके का माहौल है उसमें बीजेपी की जीत निश्चित है।

# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निगम का जारी है प्रयास

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विभागीय अधिकारियों से की बैठक, बनाई कार्य योजना









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर निरंतर प्रयास कर रहा है जिसमें वॉटर स्प्रिंकलर तथा एंटी स्मोक गन के द्वारा पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्त विभाग अधिकारियों से बैठक की गई जिसमें ग्रैप के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए मौके पर समस्त विभागों की अन्य टीम भी उपस्थित रही।

नगर आयुक्त द्वारा कूड़े में लग रही आग पर सख्त होकर स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश दिए गए, समस्त एस एफ आई को लगातार स्थलीय निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर या कूड़े में लगी हुई आग पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किया जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया, 25 वॉटर स्प्रिंकलर तथा 5 एंटी स्मोक गण के द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिनकी संख्या बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए, अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त तथा अवनिंद्र कुमार अपर नगर आयुक्त को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया मौके पर एपीएजी की टीम भी उपस्थित रही।

### खुले में निर्माण सामग्री तथा जलता हुआ कूड़ा मिला तो होगी सख्त कार्रवाई, ध्यान रखें अधिकारी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** निर्माण विभाग को नगर आयुक्त द्वारा ग्रैप के सभी नियमों का अनुपालन करने हेतु आदेशित किया गया खुले में निर्माण सामग्री पाए जाने पर चालान की कार्यवाही करने के लिए भी कहा गया, जलकल विभाग उद्यान विभाग को वॉटर स्प्रिंकलर व अन्य माध्यमों से पानी का छिड़काव अधिक से अधिक करने के निर्देश दिए गए।

# सुंदर व सुव्यवस्थित हों छठ घाट : नगर आयुक्त

## हिंडन समेत 75 घाटों को तैयार करेगा निगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों को सुव्यवस्थित करने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक से पुरबिया समाज के पदाधिकारी द्वारा मुलाकात की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी छठ घाट पर मरम्मत का कार्य स्वच्छ जल का व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था सफाई व्यवस्था मार्गों की मरम्मत की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए चर्चा की गई तथा नगर आयुक्त को लिखित में पत्र भी दिया गया। मौके पर निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट सुंदर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट को जाने वाले मार्ग पूर्ण रूप से व्यवस्थित होंगे छठ घाट की भी मरम्मत की जाएगी आवश्यकता अनुसार रंगाईपुताई का कार्य भी कराया जाएगा, इसी के साथ-साथ हिंडन नदी पर बनाए जाने वाले घाट को पूरी तरह से सजाया जाएगा इसके लिए माननीय तथा नगर आयुक्त महोदय की निर्देश के क्रम में अन्य विभागों द्वारा तैयारी चल रही है।

# समाप्त हुआ भिक्कनपुर का धरना, निगम द्वारा किया जा रहा है सकारात्मक प्रयास

## मुरादनगर विधायक तथा नगर आयुक्त ने की विकास संघर्ष समिति से बात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पाइपलाइन भिक्कनपुर पर चल रहे विकास संघर्ष समिति का धरना मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समाप्त कर दिया गया। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराई जा रहे प्रयास को भी उपस्थित जनों के बीच साझा किया गया, मौके पर अपर नगर आयुक्त वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अवनींद्र कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे।

**सभी छठ घाट पर मरम्मत का कार्य स्वच्छ जल का व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था सफाई व्यवस्था मार्गों की मरम्मत की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए चर्चा की**

अवनींद्र कुमार अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कचरा निस्तारण की प्रक्रिया हेतु निविदा की कार्यवाही भी जोरों से चलाई रही है स्थान का चयन होते ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया को नया रूप दिया जायेगा इसके अलावा विकास संघर्ष समिति की मांग को भी सुना गया जिसमें उक्त क्षेत्र को धूल मुक्त करने हेतु सड़कों के निर्माण के लिए बताया गया उसको तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने के लिए नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए, दवाई के छिड़काव हेतु निरंतर कार्य करने के लिए भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गालंद में कार्य प्रारंभ करने की योजना चल रही है इसके अलावा अन्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु भी कार्यवाही पर बोल दिया जा रहा है यथाशीघ्र कचरा निस्तारण की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा, मुरादनगर विधायक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों तथा विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारी के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए धरना समाप्त कराया गया, साथ ही तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए स्थान का चयन व अन्य प्रक्रिया को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया।

# करवा चौथ के अवसर पर भारत विकास परिषद में महेंदी लगवाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम द्वारा संस्कार, स्वालंबन एवं सेवा प्रकल्प करवा चौथ के पावन अवसर पर आज मेहंदी लगवाने का आयोजन शिप्रा रिवेरा मंदिर व शक्ति खंड 4 पटेल लेन दो स्थानों पर आरंभ किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सेवा भारती हंरनदी महानगर के द्वारा प्रशिक्षित बच्चियों द्वारा सशुल्क मेहंदी लगाई जाएंगी सेवा भारती की आठ बच्चीयो का सहयोग मिलेगा। इसका ऊछेश्य बच्चीयो को स्वाबलंबी स्वाभिमानी एवं संस्कारित बनाना है, इस अवसर पर अध्यक्ष विनिता वाजपेयी महिला, संयोजिका रिचा वालिया, सांस्कृतिक प्रभारी माधवी शर्मा, संस्कार प्रभारी अंजना सिंह, मनीषा वाघवा, आभा शर्मा, सुनीता गुप्ता, राष्ट्रीय सेविका समिति से सुमन शर्मा सेवा विभाग से शोभा श्रीवास्तव आदि मातृ शक्ति का सहयोग रहा। कार्यक्रम में 158 करीब महिलाओ को मेहंदी लगाई गई, रिचा वालिया ने बताया परिषद एवं सेवा भारती दोनों बेटियों के स्वालंबन स्वाभिमानी योजना पर कार्य कई वर्षों से समय समय पर करते रहे हैं।

# भागवत कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शिप्रा सनसिटी में भारतीय धरोहर संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथाव्यास पवन नंदन ने, जरासंध वध, सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते हैं। सुदामा चरित्र का बखान करते हुए कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। जिनकी कथा में सच्ची मित्रता दर्शाई गई है। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर लोग एक दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया वह रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सीपी बालियान, पार्षद धीरज अग्रवाल, आरती बालियान, स्वाति चौहान, निरुपमा चमोला, कविता सिंह, कविता पालिवाल , वीरेंद्र सिंह, वी डी शर्मा, ललित पांडे संदीप कुमार, अविनाश चंद्र, अजय शुक्ला, कपिल त्यागी, पिंटू तोमर, अनिल मेहंदीदत्ता, अविनाश चंद्र, सुशील कुमार, सुचित सिंघल, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम आयोजित

## शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है : डॉ. रैना









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से शनिवार को सुशीला गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 9वीं व 10वीं की लगभग 433 छात्राओं को लगभग 4 हजार रुपए की स्टेशनरी का वितरण किया गया। प्रत्येक छात्रा को चार-चार कॉपी व पेन दिये गए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डाक्टर रैना ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। अतः खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। पढ़ाई में तुम्हें पैसे की कमी नहीं होगी, इसके लिए समिति हमेशा तैयार है। कॉलेज की प्रधानाचार्य अनुपमा ने समिति के कार्यों की प्रशंसा की और कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की ओर से आर के गुप्ता, डा चंद्रभूषण, वीजी शर्मा, रंजना भार्गव, एलडी शर्मा, वीपी रस्तोगी, वीके शर्मा, वीके भार्गव, बी दयाल, आरएन सक्सेना, आरपी शर्मा, हरिपाल सिंह, अनिल चौधरी तथा कॉलेज की ओर से गीता सिंह, निशा सिंह, अंजू शर्मा, सरिता कुमारी, राज कुमारी, रजत सोनीआदि का विशेष सहयोग रहा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक बेटी के लिए उसके पापा से प्यारा कोई इंसान नहीं होता। पापा अपनी बिटिया का पूरा संसार है। परीशा अग्रवाल ने अपने पापा राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के जन्मदिन पर अपने मन के भावों को इस तरह से रखा। अपने पापा को भगवान का दर्जा दिया और ये कामना की उनका हाथ हर पल अपनी प्यारी बिटिया के सिर पर रहे। एक बेटी के अपने पापा के लिए ये मन के भाव ये उदगार ओर ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।